''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 244 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 19 नवंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं, राज्य में डीएपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है। राज्य में डीएपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा में डीएपी के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में किस पैक्स पर कितनी खाद उपलब्ध है, उसका डेटा भी सरकार के पास है। यदि किसी सदस्य को जानकारी की आवश्यकता होगी, उन्हें यह जानकारी भी उपलब्ध हो जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में डीएपी की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि वे भी किसान के बेटे हैं, खाद की समस्या क्या होती है, ये उन्हें मालूम है। उन्होंने कहा कि नवंबर माह के लिए 1,10,200 मीट्रिक टन डीएपी का आवंटन हुआ है।



एक अन्य सदस्य द्वारा सिरसा में डीएपी के स्टॉक की उपलब्धता के संबंध में किए गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला सिरसा में 1 अक्टूबर, 2024 को डीएपी का प्रारंभिक स्टॉक 1063 मीट्रिक टन उपलब्ध था और आज 18 नवंबर को 2217 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। इसी प्रकार, जिला हिसार में आज भी 2087 मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है। हिसार में पिछले वर्ष से 216 मीट्रिक टन ज्यादा खाद दे चुके हैं। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश में डीएपी खाद की किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं है। केवल खाद की कमी की अफवाहें फैलाई जा रही हैं और किसानों को बहकाया जा रहा है। प्रदेश में डीएपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव जल्द करवाए जाएंगे : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### चुनावों के लिए सिख समाज के लोगों के वोट बनवाने की प्रक्रिया जारी

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा विधानसभा में आश्वासन देते हुए कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव जल्द करवाए जाएंगे। अभी हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों के मद्देनजर वोट बनवाने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे।

श्री नायब सिंह सैनी ने विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक अधिनियम के तहत हरियाणा सिख गुरुद्वारा न्यायिक आयोग के गठन का प्रावधान है। आयोग के अध्यक्ष के लिए पहले यह प्रावधान था कि



आयोग का अध्यक्ष जिला न्यायाधीश होगा। यदि जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त नहीं किया जाता, तो तीन सदस्यों में से एक उनकी वरिष्ठता के क्रम में अध्यक्ष होगा। आज इस विधेयक में हमने यह प्रावधान किया है कि आयोग का अध्यक्ष हाईकोर्ट का जज या जिला जज हो सकता है और 65 साल आयु की ऊपरी सीमा को भी हटाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए रोक नहीं लगाई है। चुनावों के लिए एक अलग कमेटी बनी हुई है, जो संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को देख रही है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में, सिख समाज के लोगों ने मुलाकात की थी और उन्होंने बताया था कि सिख समाज के लोगों के अभी वोट बनवाने का काम जारी है। अभी भी यह प्रक्रिया चल रही है। परंतु जल्द ही सरकार द्वारा चुनाव करवाए जाएंगे।

## हरियाणा में तेजी से फैल रहा कैंसर बन रहा है काल, हर माह 03 हजार नए मरीज: कुमारी सैलजा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पिछले एक दशक से हरियाणा खासकर घग्गर नदी बेल्ट में आने वाले जिलों सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, अंबाला में तेजी से कैंसर फैल रहा है, प्रति माह तीन हजार नए मरीज सामने आ रहे हैं। हरियाणा में हर माह 1500 कैंसर मरीज दम तोड़ रहे हैं और साल में यह आंकड़ा 18 हजार का है। उन्होंने कहा कि कैंसर प्रभावित जिलों में सरकार को ही जिला अस्पताल पर कैंसर उपचार की सुविधा उपलब्ध करवानी चाहिए ताकि ईलाज के अभाव में कैंसर पीड़ितों की मौत को रोका जा सके।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा और पंजाब में कैंसर तेजी से पांव पसार रहा है। न केवल नए मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ रहा है बल्कि मौत के मामलों में भी वृद्धि हो रही है। हरियाणा में हालात भयावह बने हुए है। जहां कैंसर अब काल बनता जा रहा है। आंकड़ों की माने तो प्रदेश में हर माह कैंसर के 2916 नए मरीज सामने आ रहे हैं और साल में इनकी संख्या 35 हजार के करीब पहुंच जाती है। कैंसर के मरीजों की मौत की बात करें हरियाणा में हर माह 1500 कैंसर मरीज दम तोड़ रहे हैं और साल में यह आंकड़ा 18



हजार का है। उन्होंने कहा कि चौंकाने वाली बात ये है कि प्रदेश में 30 साल से ऊपर की आबादी में एक लाख लोगों की जांच में 102 लोगों में कैंसर के लक्षण मिल रहे हैं।

**घग्गर नदी बेल्ट में पनप रहा है कैंसर**

हरियाणा में घग्गर बेल्ट में आने वाले सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, अंबाला जैसे जिलों में कैंसर तेजी से फैल रहा है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के पहाड़ी इलाके से इसका उद्गम है। शिवालिक पहाड़ियों से यह नदी कालका से हरियाणा में प्रवेश करती है। इसके बाद पंजाब के मोहाली से अंबाला, पटियाला, कैथल, संगरुर, फतेहाबाद, मानसा, सिरसा, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ से होते हुए पाकिस्तान तक जाती है। करीब 320 किलोमीटर लंबी घग्गर नदी पंचकूला के बाद नदी प्रदूषित हो जाती है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर गठित की गई टास्क फोर्स की ओर से पिछले कुछ वर्षों में नदी में जगह-जगह पर लिए गए सैंपलों में भी साफ हो गया है कि नदी में जहरीले तत्व हैं। यह सब इंसानी सेहत के लिए बेहद खतरनाक है।

**सरकार को समय पर जांच और पीड़ितों के इलाज के लिए उठाना चाहिए कदम**

प्रथम और द्वितीय स्टेज के कैंसर का सफल इलाज है पर इसके लिए जरूरी है कि सरकार लोग के स्वास्थ्य की जांच कराएं, ताकि समय पर कैंसर को रोका जा सके। अटल केयर केंद्र अंबाला, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट झज्जर और पीजीआई रोहतक में कैंसर का इलाज किया जाता है, इसके साथ ही यह सुविधा हर जिला मुख्यालय पर उपलब्ध करवाई जाए। इलाज के लिए लोगों को राजस्थान के बीकानेर के आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र व पीजीआई. रोहतक में जाना पड़ता है। काफी कैंसर पीड़ित इलाज के अभाव में दम तोड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस दिशा में गंभीरता से कदम उठाना चाहिए।

## पर्यावरण शुद्धि का सर्वोत्तम उपाय है यज्ञ : जयपाल शास्त्री




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पतंजलि परिवार फरीदाबाद द्वारा 51 कुण्डीय राष्ट्रकल्याण महायज्ञ का आयोजन सिटिजन क्लब सै.3,बल्लभगढ़ के प्रागंण में पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित योग कक्षा के 10 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया यज्ञ के ब्रह्मा योगाचार्य जयपाल शास्त्री राज्य प्रभारी पतंजलि यज्ञ समिति हरियाणा ने बताया वातारण की शुद्धि सर्वोत्तम उपाय यज्ञ है,आज लोग पर्यावरण को अत्यधिक मात्रा में प्रदूषित कर रहे हैं जिसका दुष्प्रभाव मनुष्यों के अलावा अन्य जीव-जन्तुओं पर भी पड़ रहा है,अत: अधिक से अधिक संख्या में सामूहिक रूप से यज्ञ करके पर्यावरण को शुद्ध करना चाहिए जिससे सनातन वैदिक भारतीय संस्कृति की रक्षा हो सके वेदपाठ मनीषा आर्या, निष्ठा आर्या, हरवीर आर्य ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी बीजेपी नेता टिपर चन्द शर्मा ने अपने घरों पर भी यज्ञ करने की प्रेरणा देते हुए सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं इस अवसर पर कर्मठ कार्यकर्ता व योग शिक्षकों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वेदपाठ मनीषा आर्या, निष्ठा आर्या, हरवीर आर्य ने किया यज्ञ के सफल आयोजन में श्याम सिंह रावत,भगवान सिंह विष्ट,डाक्टर अशोक चावला,डीसी झा,एसपी नागपाल,एस.एसपवार, दुर्गा डंगबाल , डा.शिवानी,सुनीता मंगला, मंजू रानी,दीपा नेगी आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई इस अवसर पर किसान राज्य प्रभारी राजेश भाटी, किसान जिला प्रभारी अजीत कुमार,मास्टर तेजपाल शर्मा,संगीता नेगी,सुगंधा सोनी,वीरेंद्र आर्य,अनिल कपूर, आकाश, हरवीर आर्य, देवेंद्र शर्मा, गोरखनाथ आदि की गरिमामय उपस्थिति रही यज्ञ में सैंकड़ों लोगों ने आहुति डाली।

## श्रीमद्भगवद्गीता जयंती पर श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में नेहा प्रथम

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार श्रीमद्भगवद्गीता जयंती के अंतर्गत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में आज श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्रिंसिपल रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय के धर्मपाल शास्त्री ने छात्राओं और छात्रों की विद्यालय स्तर की श्रीमद्भगवद्गीता की इन दोनो प्रतियोगिता का संचालन किया।प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार श्लोकोच्चारण, संवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा



रहा है। विद्यालय के विद्यार्थी सभी गतिविधियों में प्रतिभागिता कर रहे हैं। श्रीमद्भगवतगीता हमारे जीवन का सार है, गीता जीवन दर्शन है। गीता हमें निष्काम कर्म करने के लिए प्रेरित करती हैं। आज छात्र और छात्राओं ने श्लोकोच्चारण द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं को जीवन शैली में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में हमारे जीवन की सभी समस्याओं का निदान निहित है। श्रीमद्भगवद्गीता जीवन दर्शन है तथा हमें आदर्श जीवन जीने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। श्रीमद्भगवद्गीता सदैव ही धर्म से अधिक जीवन के प्रति अपने दार्शनिक दृष्टिकोण को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी जनमानस का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रही है। निष्काम कर्म का गीता का संदेश प्रबंधन गुरुओं को ऐसा करने की प्रेरणा देता है। गीता विश्व के सबसे अधिक प्रेरणादाई ग्रंथो में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष के ऋषियों ने गहन विचार के पश्चात जिस ज्ञान को आत्मसात किया उसे उन्होंने वेदों का नाम दिया। इन्हीं वेदों का यह भाग उपनिषद कहलाता है। मानव जीवन की विशेषता मानव को प्राप्त बौद्धिक शक्ति है और उपनिषदों में निहित ज्ञान मानव की बौद्धिकता की उच्चतम अवस्था तो है ही अपितु बुद्धि की सीमाओं के परे मनुष्य क्या अनुभव कर सकता है उसकी एक झलक भी दिखा देता है। अत: हम सभी को दैनिक जीवन में निस्वार्थ भाव में कर्म करते रहना चाहिए। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा, अनिल कुमार, धर्मपाल शास्त्री और राहुल रोहिल्ला ने इस अवसर पर श्लोकोच्चारण प्रथम स्थान पर नेहा द्वितीय स्थान पर शशि और तृतीय स्थान पर रोहित को सम्मानित कर अगले चरण की प्रतियोगिता के लिए जुट जाने के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय स्तरीय स्कूल गेम्स में उत्तराखंड का छाया जलवा

### नीरज सिल्वर, रिषभ और आर्या ने ब्रॉउंज जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया



सिल्वर मेडल जीतने के बाद पहलवान नीरज के साथ टीम मैनेजर गजेंद्र सिंह, कोच आकाश व कोच प्रीति सैनी।



ब्रॉउंज मेडल जीतने के बाद महिला कोच प्रीति सैनी के साथ पहलवान आर्या।



ब्रॉउंज मेडल जीतने के बाद कोच आकाश पाल के साथ पहलवान रिषभ।

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

हरिद्वार। गोरखपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर स्कूली गेम्स अंडर 14 कुश्ती महाकुंभ में उत्तराखंड के बच्चों का छाया कुश्ती में जलवा।

जानकारी के लिए बता दें कि उत्तर प्रदेश गोरखपुर में 16 से 20 नवंबर तक राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती महाकुंभ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है।

उत्तराखंड से राज्य स्तरीय गेम्स में नीरज सिल्वर, रिषभ और आर्या द्वारा ब्रॉउंज मेडल जीतने के बाद पुरुष टीम कोच आकाश व महिला टीम कोच प्रीति सैनी एवं मैनेजर गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए इन बच्चों ने अपने माता-पिता, कुश्ती प्रशिक्षक का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। कुश्ती प्रशिक्षक आकाश ने बताया कि अभी 19 तारीख के गेम्स में भी हमारे कुछ और मेडल आने की उम्मीद है हमारे खिलाड़ियों ने अभी तक बेहतर प्रदर्शन किया है और गेम्स के तीसरे दिन और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है इसके साथ ही हमारे मैडलों की संख्या में और भी बढ़ोतरी होगी।

महिला कोच प्रीति सैनी ने बताया कि अभी तक सिर्फ एक ही मेडल महिला वर्ग में हमें प्राप्त हुआ है लेकिन कल 19 तारीख को हमें दो से तीन और मेडल और प्राप्त होने की आशा है।

उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम मैनेजर गजेंद्र सिंह ने बताया कि मुझे अपने दोनों कोच और उनके बच्चों पर गर्व है और साथ ही इस बात की खुशी भी है की इन सभी की मेहनत और लगन से हमने उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है।

पहली बार मेजबानी कर रही गोरक्षनगरी में प्रतियोगिता 16 से 20 नवंबर तक वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में चल रही है। इसमें सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 45 टीमों के लगभग 500 बालक व बालिका दांव आजमा रहे हैं।

## बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर डीसी विक्रम सिंह ने जिला में 5वीं तक कक्षाएं बंद करने के दिए आदेश

### भौतिक कक्षाओं के स्थान पर ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करें स्कूल

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला में बढ़ते प्रदूषण के बीच डीसी विक्रम सिंह ने स्कूलों में 5वीं तक की कक्षाएं बंद करने के आदेश दिए हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की सथिति का विश्लेषण किया गया। जिसमें पाया गया कि पिछले 24 घंटों में जिले के कुछ क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में रहा है तथा गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में जिला फरीदाबाद के सभी क्षेत्रों (शहरी एवं ग्रामीण) में 19 नवंबर से अगले आदेश तक 5वीं कक्षा तक की सभी



कक्षाएं बंद रहेंगी। उपरोक्त कक्षाओं के लिए जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में भौतिक कक्षाओं के स्थान पर ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## जानकारी


# ये आसान सा नुस्खा आपके काले होंठों को बना देगा गुलाबी

मौजूदा वक्त में होंठों को गुलाबी बनाने के लिए बाजार में कई तरह के उत्पाद हैं और इनपर काफी चर्चा भी होती है। बीच-बीच में इन उत्पादों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठते हैं। और इसमें कोई आश्चर्य की बात भी नहीं है कि वर्षों से हमारी बॉलीवुड इंडस्ट्री की अभिनेत्रियां कई लिपस्टिक, लिप बाम और स्क्रब के शेड्स मार्केट में रखती आ रही हैं। भले ही वह एक विज्ञापन कर रही हों लेकिन लोगों में गुलाबी होंठों की चाहत कहीं न कहीं बढ़ ही जाती हैं। एक स्किनकेयर गुरु के रूप में हमेशा मुझसे ये सवाल पूछा जाता है कि मेरे होंठ इतने गुलाबी कैसे हैं। मैं इसके पीछे सबसे बड़ा कारण मानता हूं कि मैं धूम्रपान नहीं करता और न मैंने कभी किया है। मैं अपने गुलाबी होंठों के लिए श्रेय देना चाहूंगा जिसे मैं आज आपके साथ साझा करने जा रहा हूं।

महिलाएं अगर गुलाबी होंठों के बारे में पूछें तो कोई हैरानी की बात नहीं है लेकिन जब यह सवाल लड़कों द्वारा पूछा जाता है तो यह सवाल थोड़ा दिलचस्प हो जाता है। विशेष रूप से धूम्रपान करने वाले युवक, जो सिगरेट की वजह से होंठों को हुए नुकसान को अब कम करना चाहते हैं।

### होंठों के लिए चुकंदर

होंठों को गुलाबी बनाने के लिए मेरा पसंदीदा तरीका है चुकंदर। यह प्राकृतिक रूप से गुलाबी होता है। इसका डाई के रूप में प्रयोग बरसों से होता आ रहा है। अगर आप इसके बारे में नहीं जानते हैं तो मैं आपको बता दूं कि पहले इस रंग के रेड वेलवेट फ्लेवर्ड केक बना करते थे लेकिन अब इनका केवल रंग रह गया है। चुकंदर होंठों को गुलाबी बनाने का एक आसान और प्राकृतिक तरीका है। अगर आप घर पर अपने होंठों के लिए स्क्रब तैयार करते हैं तो इसका प्रभाव लंबे अरसे तक रहता है। इसका प्रयोग सप्ताह में दो से तीन बार तक किया जा सकता है।



### गुलाबी होंठों के लिए

***एक चम्मच उबला हुआ चुकंदर, दो चम्मच दानेदार चीनी, एक चम्मच शहद, 4-5 कुटी हुई पुदीने की पत्तियां।***

मैं यह नुस्खा आपके लिए इसलिए साझा कर रहा हूं क्योंकि यह बनाने में बहुत आसान है। इसके साथ ही यह नुस्खा बहुत प्रभावी भी है। इसके लिए बस आपको तीनों सामग्री का मिश्रण बनाने की जरूरत है, जो आसानी से आपके होंठों पर लग जाए। पुदिने की पत्तियां आपके हाथों में बमुश्किल ही आएंगी लेकिन आप इनका प्रयोग वास्तव में स्क्रब के रूप में कर सकते हैं।

### डाई के रूप में काम करता है चुकंदर

चुकंदर प्राकृतिक डाई की तरह काम करता है। अगर आप गुलाबी होंठ चाहते हैं, तो आपको इसके परिणाम दो -तीन उपयोग में ही दिखाई दे जाएंगे। अगर धूम्रपान के कारण आपके होंठ काले हो गए हैं, तो आपको इसका प्रयोग से स्पष्ट अंतर दिखाई देगा। शुगर एक स्क्रब और एक्सफ़ोलीएटर की तरह काम करता है ताकि आपके होंठों पर चढ़ी गहरे रंग की परत को हटाकर उन्हें फिर से गुलाबी रंग दिया जा सके। शहद न केवल नमी बनाए रखता है बल्कि यह जीवाणुरोधी भी है, जो आपके होंठ स्वस्थ बनाए रखता है। मिंट मेन्थॉल के रूप में होता है, जो हल्की सी सनसनाहट छोड़ता। इससे आपका रक्त प्रवाह तेज हो जाता है, जिससे आपके होंठ अधिक गुलाबी हो जाते हैं। मैं आमतौर पर इसे बनाता हूं और लगभग एक सप्ताह के लिए रेफ्रिजरेटर में रखता हूं। इसे करीब 3 से 4 मिनट के लिए अपने होंठों पर स्क्रब करें और इसे धोने में भी परेशान नहीं होती। इसके परिणाम बहुत आश्चर्यजनक हैं। और तो और यह स्वादिष्ट भी लगता है।



# महिलाओं में क्यों बढ़ रहा हार्ट अटैक का खतरा?

## महिलाओं में हृदय रोगों के कारण और रोकथाम के उपाय

हाल ही में सामने आए आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं की प्रत्येक तीन में से एक मृत्यु का कारण हृदय रोग है। अक्सर हृदय रोगों (Cardiovascular Disease) को पुरुष से जुड़ी बीमारी के तौर पर देखा जाता है। इस वजह से हृदय रोगों के लक्षणों को आमतौर पर महिलाओं द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। जबकि महिलाओं में भी इसकी जटिलताओं का विकास हो सकता है। इसलिए महिलाओं को भी अपने हृदय स्वास्थ्य (Heart Health) पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है।

एक प्रचलित मिथ है कि पूर्व-रजोनिवृत्त (Premenopausal) महिलाओं में एस्ट्रोजेन से सुरक्षा के कारण दिल के दौरे के विकास की संभावना कम होती है। हालांकि, क्लीनिकल अनुभव और रिसर्च बताते हैं कि हृदय रोग पुरुषों के समान ही महिलाओं को भी चपेट में लेते हैं। हार्ट अटैक की स्थिति में महिलाओं में गंभीर स्थिति बन जाती है और सर्वाइवल की संभावनाएं भी कम हो जाती हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए डॉक्टर समीर मेहरोत्रा ने बताया कि महिलाओं में हृदय रोग के लक्षण उनके, उनके परिवार या केयर करने वालों की ओर से या तो नजरअंदाज कर दिए जाते हैं या उनके द्वारा छोड़ दिए जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जब महिलाओं के स्वास्थ्य का सवाल आता है तो ज्यादा ध्यान कैंसर, प्रजनन से जुड़ी समस्याओं और कमियों पर रहती है। महिलाओं में हृदय रोग के लक्षण भी पुरुषों की तुलना में भिन्न होते हैं, उनमें आमतौर पर चेस्ट पेन, जबड़ों में दर्द आदि महसूस नहीं होता। इस वजह से महिलाओं को समय पर परीक्षण और उपचार नहीं मिल पाता। यह आवश्यक है कि जागरूक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं में हृदय रोगों को प्रकाश में लाया जाए। साथ ही उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के साथ ही नियमित रूप से हार्ट का स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाना चाहिए।

### हृदय रोगों के जोखिम कारक

डॉक्टर समीर के मुताबिक, महिलाओं में हृदय रोग के कुछ जोखिम कारक हैं- हाइपरटेंशन, डायबिटिज, मोटापा, असंयमित जीवनशैली, मेटाबॉलिक सिन्ड्रोम, हाई कोलेस्ट्रॉल, बीमारियों का पारिवारिक इतिहास और स्मोकिंग और अल्कोहल की लत आदि शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण है कि बायीं ओर चेस्ट पेन या भारीपन, सांस लेने में परेशानी या थकान, पसीने के साथ बेचैनी एवं अचानक बने-घटने वाले ब्लड प्रेशर को नजरअंदाज नहीं किया जाए।

डॉक्टर समीर ने बताया ने बताया कि जरूरी संदेश यह है कि महिलाओं के हृदय स्वास्थ्य पर उतना ही ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, जितना पुरुषों के स्वास्थ्य पर। समय पर जीवनशैली में किए जाने वाले बदलाव और जरूरी कदम से जोखिम कारकों को टालते हुए समस्याओं से बचा जा सकता है। महिलाओं को हृदय रोगों के संकेतों और जोखिम के प्रति जागरूकता रखते हुए समय परीक्षण और नियमित चेकअप करवाते रहना चाहिए। इसमें संबंधित केस के आधार पर डॉक्टर के परामर्श से ईसीजी, स्ट्रेस इको, टीएमटी, ईको और सिटी एंजियो आदि शामिल है।

### महिलाएं क्या करें और क्या नहीं

- हार्ट की समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं को निम्नलिखित बातों पर ध्यान रखना चाहिए।
- नियमित हार्ट चेकअप को नजरअंदाज नहीं करें।
- प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करें।
- स्मोकिंग ना करें, स्मोकिंग करने वाली महिलाओं में हृदय रोगों का खतरा युवा उम्र में ही ब जाता है। यहां तक कि पेसिव स्मोकिंग भी खतरनाक है और इसका एक्सपोजर भी अवाइड किया जाना चाहिए।
- प्रतिदिन 30 एमएल से अधिक शराब का सेवन नहीं करें।
- स्वास्थ्यकर भोजन की आदतों पर ध्यान दें।
- बांई ओर छाती में दर्द या भारीपन होने, सांस लेने में परेशानी आने, थकान लगने, पसीने के साथ बैचेनी होने, घबराहट या अचानक ब्लड प्रेशर बने या घटने जैसी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करते हुए तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

### कब पड़ती है एंजियोग्राफी की जरूरत

कुछ प्रकरणों में आवश्यक होने पर डॉक्टर एंजियोग्राफी का परामर्श भी देते हैं। यदि एंजियोग्राफी से दिल में कोई समस्या सामने आती है तो इसका उपचार और प्रबंधन स्टेनिंग के साथ एंजियोप्लास्टी आदि से किया जाता है। एंजियोप्लास्टी का उपयोग ब्लड फ्लो को सामान्य करने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में एक लंबी, पतली ट्यूब (कैथेटर) आर्टरी के सिकुड़े हुए हिस्से में डाली जाती है। एक पतले तार की जाली (स्टंट) को एक गुब्बारे पर रखकर कैथेटर से सिकुड़ी हुई आर्टरी में डालकर गुब्बारे को फुलाया जाता है, यह संकुचित आर्टरी की दिवारों पर स्टंट को संकुचित आर्टरी में छोड़ देता है। ड्रग मिले हुए स्टंट दवाई छोड़ते हैं और संकुचित आर्टरी को ठीक करने की प्रक्रिया में मदद करते हैं।

## सेहत

# आर्मपिट (कांख) के दर्द को न करें नजरअंदाज

दर्द चाहे आपके शरीर के किसी भी पार्ट में हो, इसे नजरअंदाज करने की गलती कभी न करें। अक्सर जब लोगों के कांख या बगल में दर्द होता है तो उसे वो छोटा-मोटा दर्द समझकर इग्नोर कर देते हैं, जो आगे चलकर खतरनाक साबित हो सकता है। दरअसल आपके बगल या काख में दर्द कई तरीके के स्वस्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है। आपके बगल में दर्द हमेशा मांसपेशी को तनाव के कारण ही नहीं होता है इसके कई खतरनाक कारण भी होते हैं। यहां तक कि ये कोई इंफेक्शन और स्तन कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का भी संकेत हो सकता है। इसलिए कभी भी अपने बगल के दर्द को नजरअंदाज न करें। ऐसा क्यों ये हम आपको बताते हैं।

### स्किन इंफेक्शन हो सकता है

अगर आपके बगल में दर्द हो रहा है तो हो सकता है कि आपके कांख का कोई बाल टूट गया हो या फिर कोई घाव हो गया हो। इस तरह स्किन इंफेक्शन भी बगल के दर्द का कारण हो सकता है। अपनी बाहों के नीचे शेविंग या वैक्सिंग आपकी त्वचा में इंफेक्शन का कारण हो सकती है। कुछ डिओडोरेंट या कपड़े धोने वाले डिटर्जेंट एक एलर्जी प्रतिक्रिया को ट्रिगर कर सकते हैं, जिसके कारण भी आपके बगल में घाव हो सकता है। चकत्ते, घाव और अन्य त्वचा की समस्याएं भी अधिक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का परिणाम हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, हिडेनडाईनाइटिस सपुराटिवा आपकी बाहों के नीचे मुंहासों की तरह दिखता है, लेकिन वास्तव में बहुत अधिक गंभीर समस्या है जो आगे चलकर एक प्रकार के स्किन कैंसर का कारण बन सकती है। इसके अलावा इससे ब्लूडिंग भी हो सकती है।



### सूजन

ऐसे में आप ऐसी किसी भी गतिविधि से ब्रेक लें और मांसपेशियों को आराम देते हैं। आप दर्द और सूजन को कम करने के लिए बगल में बर्फ से सिकाई भी कर सकते हैं। अगर हफ्ते भर में ये दर्द ठीक न हों तो डॉक्टर से संपर्क करें। इस तरह आप बगल के किसी भी छोड़े-बड़े दर्द को अनदेखा न करें। साथ ही, जैसे ही आपको लगे कि शरीर में इसके साथ अन्य गड़बड़ियां भी महसूस हो रही हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

### ब्रेस्ट कैंसर

महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर भी बगल के दर्द का एक कारण हो सकती है। इस तरह के दर्द को लोग शुरुआती ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण के रूप में भी देखते हैं। स्तन कैंसर तब होता है जब आपके स्तन में कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं। वे आमतौर पर एक ट्यूमर बनाते हैं। इसलिए इसके शुरुआती फेज में आपके बगल के आसपास दर्द और सूजन हो सकता है। इसके अलावा आपके लिम्फ नोड्स में स्तन कैंसर का प्रसार भी ब्रेस्ट कैंसर का कारण हो सकता है। इसलिए जैसे ही आपको अपने बगल में सूजन या दर्द महसूस हो डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

### लिम्फ नोड्स में सूजन

आपका लिम्फेटिक सिस्टम पूरे शरीर में पाए जाने वाले नोड्स या ग्रंथियों का एक नेटवर्क है। लिम्फ एक तरल पदार्थ है जो संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। शरीर के दोनों तरफ बगल के पास लिम्फ नोड्स की एकाग्रता होती है। अगर आप सर्दी या फ्लू है से पीड़ित हैं तो आपके लिम्फ नोड्स सूजन हो सकती है। इसके अलावा कई प्रकार की लिम्फेटिक सिस्टम से संबंधी स्थितियां भी, बगल में दर्द का कारण बन सकती हैं। उदाहरण के लिए, लिम्फेडेमा तब होता है जब लिम्फ नोड में रुकावट होती है और अंदर तरल पदार्थ का निर्माण होता है। तब आपके बगल में दर्दनाक सूजन हो सकती है। लिम्फेडेमा के इलाज में इन लिम्फ नोड्स को भी हटाना पड़ सकता है। एक अन्य स्थिति, लिम्फैडेनोपैथी भी लिम्फ नोड्स के विस्तार का कारण बनती है। यह लिम्फेटिक सिस्टम में एक इंफेक्शन के कारण होता है, जिसे लिम्फैडेनाइटिस कहा जाता है।

### मांसपेशियों में तनाव

आपकी कांख और आसपास की छाती और बांह का क्षेत्र ब्लड वेस्लस, नसों और मांसपेशियों से बना होता है। आपके शरीर की अन्य मांसपेशियों की तरह जब इस पर किसी भी प्रकार का जोड़ पड़ता है ये मांसपेशियों में तनाव पैदा हो जाता है। मांसपेशियों में खिंचाव के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि तनाव कितना गंभीर है।

# टाइम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग। शुभांक-4-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9

## काकुरो पहेली - 3355




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 3354 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने कहा, 'आज इंसानियत है कहाँ?'

दूसरा व्यक्ति झट से बोला, 'क्यों आपके घर में 'शब्दकोश' नहीं हैं.

□ □ □

आप चार बार तलाक देने के बाद पाँचवीं बार विवाह करने क्यों जा रहे हैं? पहले व्यक्ति ने पूछा.

'क्यों, क्या पाँचों अंगुलियाँ बराबर होती हैं?' दूसरे व्यक्ति ने कहा.

□ □ □

पत्नी- 'आप नींद में बहुत बोलते हैं.'

पति- 'तो क्या तुम चाहती हो कि मैं नींद में भी तुम्हारी ही सुनता रहूँ.'

□ □ □

रमेश बहुत शर्मीला था.

एक दिन पार्टी में उसने अपनी प्रेमिका को फूलों का एक गुलदस्ता भेंट किया. प्रेमिका एकदम से भाव-विभोर होते हुए उससे लिपट गई और उसने उसका चुम्बन ले लिया.


रमेश झेंपकर हॉल से बाहर जाने लगा. इस पर उसकी प्रेमिका ने डरते हुए पूछा- "नाखुश हो गए ?"

"नहीं."

रमेश जल्दी से बोला- "नाखुश होने की कोई बात नहीं है. मैं और फूल लेने जा रहा हूं."

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3355



**बायें से दायें:-**

१. 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'माँग लूंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा की 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की 'जीना तेरी बाहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'घायल घायल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२१. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'मैं दुनिया भुला दुंगा' गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. 'बाराना दे बाराना' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार-३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, राखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म-२
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शरीफ बदमाश' में नायिका कौन थी-२
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की 'अरे दीवानों मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली बहु सितारा फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3354



## सूडोकु -3355


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3354 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 3355



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

शब्द पहेली -3354 का हल



# लायंस क्लब की मासिक बैठक सम्पन्न




समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** लायंस क्लब फरीदाबाद कियान 321-ए1 की कार्यकारिणी की मासिक बैठक यहां एन एच-5 एनआईटी स्थित होटल क्राउन सेरेमनीज के सभाकक्षा में क्लब के प्रधान आर पी हंस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्लब के सचिव डॉ. सतीश आहुजा, क्लब के सदस्य एवं संतो का गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रभारी आई डी अरोड़ा, डॉ. मनजिंदर सिंह भट्टी,तिलक बिधूड़ी, नितीश भारद्वाज, संजीव जेटली, पुनीत कुमार, सुनील मंगला व रणवीर सैनी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत व्यक्त करते हुए क्लब के प्रधान आर:पी हंस ने कहा कि आगामी सर्दी के मौसम को देखते हुए समाज सेवा से जुड़े सभी प्रकार के आवश्यक कार्यों को पूरा करने के लिए सदस्यगण आगे आकर और बढ़-चढ कर कार्य करें। इस संबंध में डॉक्टर भट्टी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि समय-समय पर अन्य सभी सदस्यों के साथ मिलकर रक्तदान शिविर लगाए जाएं और निर्धन लोगों के लिए गर्म कपड़े इत्यादि उपलब्ध करवाए जाएं। आई डी अरोड़ा ने कहा कि वह भी अपने स्तर पर अपनी गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सौजन्य व क्लब के सहयोग से समाज सेवा से जुड़े सभी प्रकार के आवश्यक कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे ताकि जरूरतमंद लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने का उद्देश्य पूरा हो सके। क्लब के प्रधान आरपी हंस ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए वरिष्ठ सदस्य आई डीअरोड़ा को स्मृति-चिन्ह भेंट करके, शाल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इस मौके पर सभी सदस्यों ने प्रधान आर पी हंस का आभार प्रकट करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि वे उनके मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर आयोजन, जरूरतमंद व निर्धन लोगों को गर्म कपड़े वितरण, जरूरतमंद छात्र- छात्राओं को गर्म कपड़े, वर्दी व स्टेशनरी उपलब्ध करवाना, जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण व सिलाई मशीन उपलब्ध करवाना जैसे समाज सेवा से जुड़े अन्य सभी प्रकार के आवश्यक कार्यों को क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे।

# ब्राह्मण सेवक समाज ने जरूरतमंदों को कंबल किए वितरित



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बढ़ती ठंड को देखते जिले के विभिन्न संगठनों व समाजसेवियों ने जरूरतमंदों में कंबल वितरण का कार्य शुरू कर दिया है। इसी के तहत ग्रेटर फरीदाबाद के ददसिया गांव में ब्राह्मण सेवक समाज फरीदाबाद की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ब्राह्मण सेवक समाज के प्रतिनिधि श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि मानव जीवन में सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। आज हर कोई अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति में दिन रात व्यस्त है। ऐसे में सभी को समाजसेवा के लिए काम करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों ने कंबल वितरित कार्यक्रम को सराहनीय कदम बताया। श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम की मुहिम को वह लगातार चलाते रहेंगे। इस अवसर पर वेदप्रकाश शर्मा, विवेक कौशिक, विक्रमादित्य शर्मा, शर्माजीत शर्मा व प्रहलाद प्रधान आदि मौजूद रहे।

# बेसहारा बुजुर्गो का सहारा बना ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम



समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** बुजुर्गो को सहारा देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति (रजि0) ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने आज फिर एक बेसहारा बुजुर्गो को आश्रम में सहारा देकर ना केवल सामाजिक कार्य किया है ब्लकि एक अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है। दरअसल समिति के संचालक किशन लाल बजाज को सतीश चोपड़ा ने फोन पर सूचना दी कि एक बुजुर्ग बादशाह खान अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में दयनीय हालात में लावारिस बैठी है। कृष्ण लाल बजाज बिना समय गंवाए अपनी टीम जिसमें राज किशन व पुत्री कोमल बजाज के साथ मौके पर पहुचें और तुरंत उन्हें उठाकर वृद्धाश्रम में लेकर आए और खानपान दिया। पूछताछ करने पर बुजुर्ग ने अपना नाम राधा पत्नी पुरूषोत्तम व आयु लगभग 80 वर्ष बताया। किशन लाल बजाज ने बुजुर्गो को आश्वासन दिया कि जब तक चाहे वह आश्रम में रह सकते है और उनके खाने और पहनने की भी व्यवस्था की जाएगी। कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि बुजुर्गो के बारे में लिखित सूचना 3 नंबर पुलिस चौकी में दे दी जाएगी।

# मनुष्य के स्वास्थय पर ही उसका जीवन निर्भर करता है : राकेश धुन्ना

**लोगों को बेहतर स्वास्थय सुविधा देना हमारा मकसद है ताकि वे निरोगी जीवन जी सकें: डॉ0. अश्वनी यादव**

**दोनो डाक्टर पैसे के लिए काम ना करके जनसेवा के रूप में काम करेगें: करण सिंह**



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** मनुष्य के स्वास्थय पर ही उसका जीवन निर्भर करता है। मनुष्य का स्वास्थय जितना सही होगा उसका जीवन उतना ही लंबा होगा। यह बात सैनिक कालोनी के प्रधान राकेश धुन्ना ने अगस्तया मल्टी स्पेशलिस्ट क्लीनिक सेक्टर-49 सैनिक कालोनी के उदघाटन पर फीता काटने के उपरांत मौजूद लोगों से कही। इस मौके पर क्लिनिक के संस्थापक डॉ0. अश्वनी यादव,डॉ0. रेखा यादव, करण सिंह, जयकिशन शर्मा, शिव कुमार, याकूब खान, यशपाल तनेजा प्रधान डी-ब्लॉक, देवेन्द्र वर्मा, रहीश कुरैशी, राजेन्द्र पालीवाल, देवेन्द्र सिंह, एस.एन शर्मा, नितिन कालरा सहित कई गणमान्य लोग मौजदू थे। इस अवसर पर राकेश धुन्ना ने कहा कि जो व्यक्ति अपने शरीर के प्रति जागरूक नहीं होता उसे बिमारियों का सामना करना पड़ता है। जब तक हमारा शरीर हष्ट पुष्ट नहीं रहेगा तब तक हमारा कोई भी काम करने का मन नहीं करेगा। डॉ0. अश्वनी यादव, डॉ0. रेखा यादव ने बताया कि यह हमारी पहली शाखा है और लोगों को बेहतर स्वास्थय सुविधा देना हमारा मकसद है ताकि वे निरोगी जीवन जी सकें। उन्होनें बताया कि बड़े बुजुर्गो का आर्शीवद हमारे सिर पर है जिन्होनें हमें पैसे से ज्यादा लोगों की सेवा करना सिखाया है। आज हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम इस क्लीनिक के माध्यम से लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगें और उनकी किसी भी स्वास्थय से संबधित समस्या का निदान करने में हमेशा कामयाब होगें।

इस मौके पर करण सिंह ने कहा कि सोसाइटी के प्रधान राकेश धुन्ना और अन्य लोगों ने क्लीतिक को खुलवाने में बहुत प्रोत्साहित किया क्योकि लोगों को बाहर जाना पड़ता था अब हमारी सैनिक कालोनी सोसाईटी को दो अच्छे डाक्टर मिलेगें जिन्हें एम्स,राम मनोहर लोहिया और सफदरजंग इन तीन बड़े अस्पतालों का अनुभव प्राप्त है। वह सिर्फ पैसे के लिए काम ना करके जनसेवा के रूप में काम करेगें। मुझे उम्मीद है दोनों डाक्टर है उन गरीबों का मुफ्त में ईलाज करेगें जिनके पास पैसे नहीं है। करण सिंह ने कहा कि गरीब और लाचार लोगों की दवाईयों से में भी मदद करने में पीछे नहीं हटूंगा।

# 09 से 11 दिसंबर को आयोजित होगा तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव : उपायुक्त विक्रम सिंह

**मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने वीसी के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर दिए जरूरी निर्देश**

**सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, सेमिनार व शोभा यात्रा का किया जाएगा आयोजन**

**समारोह में सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी की जाएगी सुनिश्चित**




समाचार गेट/कृष्णा शर्मा

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पान्डूरंग ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश प्रत्येक प्राणी के लिए है। गीता जयंती समारोह में अधिक से अधिक आमजन की भागीदारी करके जयंती को मेले का स्वरूप प्रदान किया जाए। उन्होंने वीसी के माध्यम से जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में 28 नवंबर से 11 दिसंबर तक गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से गीता मनीषी व कलाकार शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस बार गीता महोत्सव में राज्य उड़ीसा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तंजानिया भागीदारी देश रहेगा। महोत्सव के दौरान कुरुक्षेत्र के 48 कोस में लगभग 182 मंदिरों-तीर्थों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी ताकि गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त विक्रम सिंह ने गीता जंयती को लेकर संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए। डीसी ने कहा है कि जिला में आगामी 9 से 11 दिसंबर तक तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गीता जयंती समारोह में अधिक से अधिक स्कूली बच्चों के साथ-साथ सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। डीसी ने कहा कि गीता जयंती समारोह प्रेरणादायी होने के साथ-साथ भव्य और आकर्षक होगी। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले गीता जयंती महोत्सव के दौरान तीनों दिन विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। गीता जयंती समारोह का शुभारंभ हवन व गीता पूजन के साथ किया जाएगा। तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा सेमिनार का आयोजन होगा, जिसमें गीता मनीषी गीता के महत्व पर अपना व्याख्यान देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्कूली बच्चों द्वारा गीता का श्लोक उच्चारण किया जाएगा। इसके अलावा अंतिम दिन 11 दिसंबर को नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें गीता पर आधारित झांकियां शामिल होंगी। नगर शोभा यात्रा में धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी गीता पर आधारित अपनी झांकी शामिल कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि ने शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से गीता जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है ताकि जिला में गीता जयंती के रंग में रंगा नजर आए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एडीसी विश्राम कुमार मीणा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अजित सिंह, आरटीओ सचिव मुनीश सहगल, रेड क्रॉस सचिव बिजेंद्र सौरोत सहित अन्य संबनधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# 19 नवम्बर को मनाया जाएगा विश्व शौचालय दिवस : सीईओ जिला परिषद सतबीर सिंह



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 19 नवम्बर 2024 को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाएगा। इस दिन से दिनांक 10 दिसंबर 2024 तक हमारा शौचालय- हमारा सम्मान शीर्षक व शौचालय संवारें-जीवन निहारें! टैग लाइन पर अभियान चलाया जाएगा।

सीईओ जिला परिषद् सतबीर सिंह ने बताया कि इस अभियान का उददेश्य सुरक्षित स्वच्छ शौचालयों तक पहुँच और उनके उपयोग तथा स्वच्छता की समग्र प्रासंगिकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है। पूरे देश में ओ.डी.एफ. स्थिति को बनाए रखना आवश्यक है। इस दौरान शौचालयों की वास्तविक कमी की पहचान करने के लिए तेजी से जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण किया जाएगा। जिसके लिए ग्राम-स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएगें। इस वर्ष, डी.डी.डब्ल्यू.एस. ने हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान आयोजित करने और इसे विश्व शौचालय दिवस (19 नवंबर 2024) से शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। यह अभियान 19 नवंबर, 2024 को शुरू होगा और 10 दिसंबर, 2024 को मानवाधिकार दिवस पर समाप्त होगा। स्वच्छता और मानवाधिकारों के बीच गहरा संबंध है, क्योंकि गरिमा, स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण के सार्वभौमिक अधिकार से सभी उचित शौचालय सुविधाओं तक पहुँच से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं। उचित स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बीमारी को रोकती है और गोपनीयता की रक्षा करती है, खासकर महिलाओं और लड़कियों के लिए जो सुरक्षित सुविधाओं के बिना जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार दिवस का अवसर शौचालयों तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए एक अतिरिक्त लाभ होगा, जो एक बुनियादी मानव अधिकार है और यह स्छ्र 6 जैसे वैश्विक लक्ष्यों के साथ संरेखित होगा, जो स्वस्थ, सम्मानजनक जीवन के लिए स्वच्छता तक सार्वभौमिक पहुँच पर जोर देता है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता और ब्लॉक/जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सी.एस.सी. प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और उसके बाद विजेताओं को भी खण्ड स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन ग्राम पंचायत/ब्लॉक कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में खुले में शौच से मुक्ति की स्थिति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ग्राम पंचायतें दो सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों का चुनाव कर खण्ड को भेजेगीं। खंडानुसार प्राप्त 3 सर्वश्रेष्ठ एन्ट्री में से जिले को भेजी जाएगी जिले द्वारा 5 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत घरेलू शौचालय का चयन कर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार से प्रत्येक खण्ड से 3 सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक स्वच्छता परिसर का चयन कर जिले को भेजा जाएगा। जिला स्तर सर्वश्रेष्ठ 2 सामुदायिक शौचालयो वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के सभी नागरिको एवं ग्राम पंचायतों से आहवान है कि सभी इस अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

## अवैध खनन रोकने के लिए सख्त से सख्त उठाएं कदम : उपायुक्त विक्रम सिंह

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्त से सख्त कार्यवाही करें तथा अवैध खनन माफिया की धर-पकड़ के लिए नियमित रूप से टीमें गठित कर निगरानी एवं गस्त करें। उपायुक्त विक्रम सिंह आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में अवैध खनन को रोकने के लिए गठित की गयी जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार की कार्रवाई को जारी रखते हुए और बढ़ाया जाये। यमुना में किसी भी स्थिति में खनन नहीं होना चाहिए। खनन की रोकथाम के लिए हर आवश्यक कदम उठायें। अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें।

# एनसीबी हरियाणा का पलवल में नशे के विरुद्ध व्याख्यान: नशा लेता है मनुष्य के प्राण



समाचार गेट/ब्यूरो

**पलवल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आल्हापुर में साइकिल यात्रा के साथ नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 26 वां और 27 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यद्यपि भारत में ड्रग्स अर्थात प्रतिबंधित नशे पर नकेल डालने के लिए सीमा सुरक्षा बल, नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और राज्यों की पुलिस और बहुत ही अच्छे ढंग से ड्रग फ्री भारत करने में कार्य कर रहे हैं। लेकिन इन सबके होते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास हो रही ऐसी गतिविधियों के प्रति सजग रहे और आवश्यकतानुसार प्रशासन का सहयोग करे। नशे को समूल नष्ट करने के जनसहभागिता अति आवश्यक है। केवल विधि और नियम बना देने से अंकुश नहीं लगाया जा सकता जब तक सामान्य जनता का सहयोग और सहभागिता न हो। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य, सामाजिक जीवन, परिवार और राष्ट्र के लिए घातक है तथापि प्रतिबंधित नशे तो बहुत ही कष्टदायक हैं। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर प्रतिबंध नशों के बारे गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया। अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

## संपादकीय

# बुलडोजर एक्शन पर कोर्ट का आदेश मनमानी पर अंकुश



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

देश के महानगर से लेकर छोटे शहरों में अतिक्रमणों की बाढ़ आई हुई है। ये अतिक्रमण एक दिन में नहीं हुए। अतिक्रमियों ने सार्वजनिक सुविधा के क्षेत्र तक नहीं छोड़े। देश में शायद ही ऐसी कोई सड़क या फुटपाथ होगा, जहां अतिक्रमण ने पांव नहीं पसारे। वन क्षेत्र हो या गोचर भूमि, यहां तक की तालाब, नदियों और झीलों के बहाव क्षेत्र भी अतिक्रमियों की भेट चढ़ गए, किन्तु शासन-प्रशासन की तंद्रा भंग नहीं हुई। ये तभी जागते हैं जब अदालतों का डंडा चलता है। इन अतिक्रमियों के निर्माण पर बुलडोजर चलाने से सब कतराते हैं। इसका उदाहरण जयपुर का रामगढ़ बांध है। कभी बरसाती जल से सरोबार रहने वाला यह प्रसिद्ध बांध अतिक्रमियों का शिकार हो गया। कभी जयपुर की लाइफ लाइन माने जाने वाला यह बांध कई दशकों से सूखा पड़ा है। देश में ऐसे सैकड़ों उदाहरण मौजूद हैं जहां अतिक्रमियों ने प्राकृतिक स्त्रोतों को ही निगल लिया। यहां तक खनन करके की पहाड़ के पहाड़ गायब कर दिए। अरावली की पहाड़ी श्रृंखला इसका भ्रष्टाचार और लापरवाही का सबसे बड़ा उदाहरण है। अतिक्रमण के मामले में वोट की राजनीति की बदौलत ही छोटे-बड़े शहरों में अवैध कच्ची-पक्की बसतियां तक बस गई। ये अतिक्रमण सालों-साल चलते रहे हैं, किन्तु नेता-अफसरों के गठजोड़ के कारण इन्हें जड़ से खत्म नहीं किया जा सका। दरअसल बुलडोजर चलना तो ऐसे अतिक्रमणों पर चाहिए, जिसने देश के आम लोगों को पैदल चलना तक दुभर कर रखा है। इनके बजाए सिर्फ चुनिंदा अतिक्रमियों को अपराधी बता कर बुलडोजर चलवाना सरकारों की बदनियति को ही उजागर करता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सरकारों को सबक लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में यह कहीं नहीं कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो, बल्कि वैधानिक प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया है।

बुलडोजर एक्शन की कार्रवाई सरकारों को बेशक सस्ती लोकप्रियता दिला सकती है, न्याय नहीं। महाराजगंज जिले में सड़क के फोर लेन की चौड़ीकरण के संबंध में एक व्यक्ति के मकान गिराने के लेकर कोर्ट ने काफी तीखी टिप्पणी दी और उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख का जुर्माना भी लगाया। हालांकि यह विकास कार्यों के लिए की गई कार्रवाई थी। इसमें सरकार की वह मंशा नहीं थी कि किसी अपराधी का घर गैरकानूनी अवैध कब्जा की बात कहकर गिराई गई हो। फिर भी कोर्ट ने पीड़ित की बात सुनी। इस तरह के अतिक्रमण हटाने के भी कायदे-कानून बने हुए हैं। उनका पालना किए गए बगैर सीधे बुलडोजर दौड़ा देना, अन्याय ही कहा जाएगा। ऐसे मामलों की भी कमी नहीं हैं, जहां आम आदमी की सम्पतति को अतिक्रमण के नाम पर ढहा दिया जाता है, वहीं रसूखदारों की तरफ प्रशासन की आंख उठाने की भी हिम्मत नहीं होती।

देश का शायद ही ऐसा कोई शहर होगा जहां, प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण तोडने. में सरकार और प्रशासन ने उदाहरण पेश किए होंगे। सरकार और प्रशासन प्रभावशाली लोगों के सामने कैसे नतमस्तक हो जाते हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण नोएडा के ट्विन टावर का मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2021 में सुपरटेक के नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्थित एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट के अपैक्स और सियान टॉवरों को अवैध ठहराया था। दोनों 40 मंजिला टावरों को ढहाने का आदेश दिया गया। कोर्ट ने कंपनी को फ्लैट खरीदारों को ब्याज के साथ पैसे वापस करने का आदेश दिया। जबकि इस मामले में सरकार और नोएडा ऑथरिटी सब कुछ जानते हुए भी हाथ पर हाथ धरे हुए बैठे रहे। नोएडा अथॉरिटी को भी इस ध्वसतिकरण पर निगरानी करने और रिपोर्ट अदालत को देने का आदेश दिया गया है। इस आदेश के कुछ महीनों बाद बाद ट्विन टावर को ढहा दिया गया। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से शुरु हुआ बुलडोजर एक्शन का यह सिलसिला पूरे देश में फैल गया था। राज्यों की सरकारों ने इसका राजनीतिक इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखी। वोट बैंक राजनीति ऐसे फैसलों में साफ नजर आती है। हालांकि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन अपराधियों के आवास और व्यवसायिक प्रतिष्ठान गिराने के लिए लिया गया था। बुलडोजर एक्शन में भी अपराधियों में भेदभाव के उदारहण मौजूद हैं। इसका दुरुपयोग भी सांप्रदायिक आधार पर किया गया। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी सख्त कार्रवाई से अपराधियों में कहीं न कहीं खौफ उत्पन्न होता है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जिस तरह माफिया या गैंगस्टर का सफाया किया, उससे काफी हद तक अपराधों पर लगाम लग सकी है।

## रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के साइफन के चौड़ा करने पर मिल सकती है आमजन को राहत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में बीते समय करोडों रूपये की लागत से आरसीसी तथा करीब दो मिलोमीटर दूरी तक भूमिगत बनाई गई रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के साइफन के चौडीकरण की जरूरत महसूस होने लगी है। कनीना-महेदंरगढ सडक मार्ग पर उन्हाणी के समीप तथा कनीना मंडी के बीच साइफन चौडा होने पर सडक मार्ग भी चैडा होगा जिससे वाहनों के गुजरने में आसानी होगी। इस दिशा में तत्कालीन एसडीएम सुरेंद्र सिंह की ओर मंडी मार्ग के मध्य से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी का साईफन भी 50 फुट से बढाकर 100 फुट चैडा करने के प्रयास किए गए थे। जो सिरे नहीं चढ सके। लेकिन ये कार्य पूरा होने के बाद वाहन चालकों तथा आमजन को फायदा होगा। देखा जाए तो ककराला,कपूरी,रामबास,ढाणा सहित दर्जनभर गावों को लिंक करने वाला यह व्यस्त मार्ग है। कनीना-अटेली सडक मार्ग पर आरओबी निर्माण के चलते इस रूट पर वाहनों का दबाव ओर अधिक बढ गया है। नहर विभाग की ओर से साइफन चौडा कर दिया जाता है तो सडक की चौडाई भी बढेगी जिससे आमजन को सुविधा होगी। नहर विभाग के अधिकारियों की ओर से इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाने की उम्मीद है।

## भारत अनेक ऋतुओं व भाषाओं का देश : कोसलिया

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** भारत देश अनेक भाषाओं तथा ऋतुओं का देश है। जो समय-समय पर जीवन का संदेश देती हैं। स्याणा गांव निवासी समशेर कोसलिया ने बताया कि अहीरवाल की बोली को भी भाषा का दर्जा देना आवश्यक है। यह ऐसी भाषा है जो हिन्दी की उप भाषा में नहीं आती है। जबकि ये संस्कृत व हिंदी के बीच की भाषा है। हरियाणा में अब अहीरवाटी,बांगरू, मेवाती,बृज, बागड़ी, कोरवी, अम्बाली,पारवी, पंजाबी सहित अनेक बोलियां प्रचलन में हैं। बांगरू ऐसी बोली है जिसका मेल अहीरवाटी, पारवी, पंजाबी, बागड़ी, कोरवी, अम्बालवी से खाता है। इस बोली को हरियाणा के बांगरू बोली वाले कहे जाने वाले विद्वानजन राजस्थानी बोली के साथ जोड़ देते हैं। अहीरवाल हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली ओर यूपी का कुछ हिस्से में बंटा हुआ है। उन्होंने अहिरवाल की बोली को भाषा का दर्जा देने की मांग की है।

# खंड स्तरीय द्वितीय डांस प्रतियोगिता में कनिका मलिक ने पाया प्रथम स्थान

### शहर के अग्रसेन भवन में आयोजित डांस प्रतियोगिता में 85 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा




**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** शहर के अग्रसेन भवन में युवा जागृति क्लब नलोई द्वारा आयोजित खंड स्तरीय द्वितीय डांस प्रतियोगिता में सिवानी की कनिका मलिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं इशिता ने दूसरा और रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति बाबूलाल जिंदल ने शिरकत की वही कार्यक्रम के अध्यक्षता युवा समाजसेवी राजेंद्र फोगला ने की। आयोजित आयोजित डांस प्रतियोगिता में सिवानी खंड के अनेक गांव के 85 बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई इस बारे में जानकारी देते हुए जागृति क्लब नलोई के अध्यक्ष मनोज जांगड़ा ने बताया कि युवा क्लब द्वारा खंड स्तरीय दूसरे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन दिखाते हुए हरियाणवी राजस्थानी पंजाबी एवं हिंदी गीतों पर अभिनय करते हुए दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 8 वर्ष से लेकर 14 वर्ष के बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया आज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया आयोजित डांस प्रतियोगिता में इस मौके पर प्रोफेसर सुनीता जनवा अमित लोहिया, रामनिवास अध्यक्ष सुरेश खटक, बदन सिंह तंवर, सुमित केडिया, कृष्ण वर्मा, रोहित दहिया, प्रणव गोयल, सांवरमल बंसल भागीरथ जांगड़ा, विजय वर्मा नसीब, बजरंग शर्मा, चिंटू वर्मा, सुनील जागड़ा, सुनीता वर्मा मुकेश शर्मा, सुबेन लीलस, प्रियंका मौजूद रहे।

# वात्सल्य मूर्ति आचार्य श्री108 ज्ञानभूषण मुनिराज रत्नाकर का सर्वसमाज ने किया भव्य अभूतपूर्व आदर सत्कार

### आचार्य श्री108 ज्ञान भूषण मुनिराज जी के स्वागत में सर्व समाज ने बिछा दी पलके

### आचार्य श्री 108 ज्ञानभूषण जी मुनिराज के मंगलप्रवेश पर जियो ओर जीने दो के जय घोषों से गुंजायमान हुआ नगीना : रजत

### अहिंसा परमो धर्म व जिओ ओर जीने दो के जयघोषों से गूंजा नगीना : रजत

### नगीना आचार्य श्री 108 ज्ञान भूषण जी महाराज का सर्व समाज ने किया अभूतपूर्व भव्य स्वागत: रजत

### आचार्य 108 श्री ज्ञान भूषण जी महाराज श्री का संसघ विधिवत किया अभूतपूर्व स्वागत



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पावन, पवित्र, पुनीत ,पुण्य,तपोभूमि ,धर्मनगरी नगीना में जैन मुनि वात्सल्य मूर्ति आचार्य108 श्री ज्ञानभूषण जी मुनिराज रत्नाकर के पूण्य चरण कमल नगीना की पावन पवित्र धारा पर मंगल प्रवेश कर पड़े तो, तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव, जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म,आज का साधु कैसा हो ज्ञानभूषण जैसा हो जैसे गगनभेदी जयघोषों से सारा वातावरण अहिंसामय हो गया।उक्त जानकारी समाजसेवी व पूर्व अध्यक्ष रजत जैन ने देते हुए बताया की मुनिराज श्री पिनगवां से ससंघ विहार कर नगीना पहुँचे तो नगीना के सर्वसमाज में हर्षोल्लास, भक्तिभाव ,समर्पण का वातावरण व्याप्त हो गया। संध में उनके साथ वात्सल्य प्रभाविका श्री 105 क्षुल्लिका ज्ञानगंगा माता जी, क्षुल्लक श्री 105 ऋजुभूषण महाराज जी,भारती दीदी भी साथ रही।

नगीना की पावन पवित्र धरा अहिंसा परमो धर्म एवं जिओ ओर जीने दो के जय घोषों से गुंजायमान हो गई।नर, नारियों ने धार्मिक मंगल भजन गाकर भजनामृत से वातावरण को अहिंसामय,भक्तिमय, भक्तिरस के सागर से ओतप्रोत कर दिया। नगीना में महाराज श्री के मंगल प्रवेश पर जैन समाज के साथ सर्वसमाज के व्यक्तियों ने मिलकर ढोल नगाडों,घंटा घड़ियालो की मधुर ध्वनियों के साथ विधिपूर्वक मुनिराज का संसघ आदर सत्कार, मानसम्मान कर विधिवत पूजा अर्चना कर अभूतपूर्व भव्य स्वागत किया। आचार्य श्री की एक झलक व दर्शनों के लिए सर्व समाज का प्रत्येक व्यक्ति आतुर,उत्सुक नजर आया । सर्व समाज ने मुनिराज के दर्शन कर अपने आत्मकल्याण के निमित्त मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज श्री ने भी सहर्ष सबको आत्मज्ञान, आत्मकल्याण, सुख, समृद्धि, खुशहाली,व सर्वमंगल सर्व कार्येषु का मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। महाराज श्री के दर्शन कर सर्व समाज का प्रत्येक व्यक्ति हर्षोत्साहित नजर आया।

**सर्व समाज में बिछा दी पलके:**

रजत जैन ने बताया की लगभग नौ माह पश्चात के महाराज श्री विहार करके नगीना आए हैं ।पहले महाराज श्री 26 जून 2023 को पिनगवां से विहार करके नगीना आए थे ओर 29 जून 2023 को नगीना से विहार करके फिरोजपुर झिरका गए। 14 फरवरी 2024 को फिरोजपुर झिरका से विहार करके नगीना आए थे। 16 फरवरी 2024 को मुनिराज विहार करके नगीना से पिनगवां चले गए । 18 नवम्बर 2024 को पिनगवां से विहार करके नगीना आऐ तो सर्व समाज ने उनके स्वागत में अपनी पलकें बिछा दी। इस अवसर पर सुधीर जैन, अनिल जैन, महावीर जैन, ऋषभ जैन, प्रदीप जैन, रोहित शर्मा, सुमन जैन, समाजसेविका राधिका जैन, सुमन जैन, सुनील जैन,शुभ जैन, राकेश जैन, अरिहंत जैन, दीपांशु जैन, रजत जैन, राहुल जैन, शेखर जैन साकरस, विपिन जैन व संदीप जैन पिनगवां सहित सैकड़ो व्यक्ति उपर्सथित रहे।

# 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके दिया मानवता का संदेश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त-कम- जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह के अध्यक्ष प्रशांत पंवार के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत ने मुख्यतिथि के रुप में शिरकत की तथा रिबन काटकर व रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।




एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि आज के इस शिविर में कुल 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं और ये दान अमूल्य होता है। सभी आमजन को सोचना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी को हम क्या देंगे। सभी को रक्तदान करते हुए किसी भी अनजान की जिंदगी बचाने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि हर वह जिसकी उम्र 18 वर्ष हो उसका वजन 45 किलो से अधिक, उसका ह्यूमोग्लोबिन 12.5 ग्राम हो तथा वह नियमित तौर पर दवाईयां न खाता हो वह युवा एवम व्यक्ति 90 दिनों के अंतराल तथा महिला 120 दिनों के बाद पुन रक्तदान कर सकते हैं।

रक्तदान अपने जन्मदिन, बुजुर्गों की पुण्यतिथि, शादी की सालगिराह तथा महापुरषों की जयंती तथा शहीदी दिवस पर रक्तदान किया जा सकता है। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने कहा कि रक्तदान शिविर एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो समाज में रक्त की कमी को दूर करने में मदद करता है। रक्तदान शिविर में लोग स्वेच्छा से अपना रक्त दान करते हैं, जो बाद में अस्पतालों में मरीजों को दिया जाता है। रक्तदान शिविर के दौरान, रक्तदाताओं की जांच की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनका रक्त सुरक्षित है और किसी भी बीमारी से मुक्त है।

रक्तदान के बाद, दाताओं को आराम करने के लिए कहा जाता है और उन्हें तरल पदार्थ पीने की सलाह दी जाती है ताकि वे हाइड्रेटेड रह सकें। रक्तदान शिविर के लिए कई संगठन और संस्थाएं जिम्मेदार होती हैं, जिनमें रक्त बैंक, अस्पताल और सामाजिक संगठन शामिल हैं।

इस अवसर पर नगर परिषद नूंह के चेयरमैन संजय मनोचा, जिला रैड क्रॉस सोसायटी के सचिव महेश गुप्ता, जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक, नरेश डागर, दिनेश नागपाल, संजय गुप्ता, मीना ठाकुर, राजकुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले गीता महोत्सव को दिया जाएगा भव्य मेले का रूप : उपायुक्त प्रशांत पंवार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त प्रशांत पंवार ने कहा कि 9 से 11 नवंबर तक जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गीता महोत्सव में सभी प्रमुख सरकारी विभागों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाई जाएगी। तीन दिन तक चलने वाले गीता महोत्सव को एक मेले का रूप दिया जाएगा। उपायुक्त प्रशांत पंवार ने यह जानकारी सोमवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में दी। इस दौरान मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने भी चंड़ीगढ़ मुख्यालय से प्रदेशभर के उपायुक्तों को गीता महोत्सव के आयोजन बारे जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिला नूंह मुख्यालय पर एक सही उपयुक्त जगह पर गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इस महोत्सव में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, वहीं दूसरी ओर स्वयं सहायता समूह द्वारा उनके द्वारा



तैयार किए जाने वाले उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि गीता महोत्सव के दौरान गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। तीनों दिन गीता के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण पर भी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बच्चों में गीता पर आधारित प्रश्नोतरी का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन का हर संभव प्रयास होगा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस गीता महोत्सव को भव्य मेले का रूप दिया जाए। गीता महोत्सव में शहर की सभी प्रमुख सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को शामिल किया जाएगा। गीता ज्ञान पर आधारित सेमिनार का भी आयोजन होगा, जिसमें गीता को जानने वाले प्रबुद्ध लोगों को शामिल किया जाएगा।

## एसडीएम ने वाहन चालकों को जारी की एडवाइजरी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** क्षेत्र में पिछले दो दिन से स्मॉग तथा धुंध छाने से सूर्य की रोशनी प्रभावहीन हो गई है। बिना बारिश के चालू वित्तवर्ष में पहली बार धुंध देखने को मिली है। अन्यथा बारिश के उपरांत या रबि फसलों में पहली सिंचाई करने के बाद धुंध-कोहरे का आगमन होता है। धुंध के कारण दृष्य क्षमता 40-50 मीटर होने पर बीकानेर-रेवाडी-दिल्ली के बीच चलने वाली दर्जनभर एक्सप्रेस तथा पैसेंजर रेलगाडियां देरी से चल रही हैं। सडक यातायात पर भी प्रभाव पडा है। छोटे-बडे वाहन बत्ती जलाकर रेंगकर गुजरते दिखाई दिए। उधर पहाडों पर बर्फबारी होने से क्षेत्र के दिन व रात के तापमान में कमी आई है। जिससे सर्दी का एहसास होने लगा है। क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तथा अधिकतम तामान 25 डिग्री सेलसियस दर्ज किया है। एसडीएम अमित कुमार ने धुंध एवं कोहरे में विशेष सावधानी बरतने को कहा है। सुरक्षित यातायत के लिए उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि वाहन को तेज गति से न चलाएं तथा ओवरटेक करने में जल्दबाजी न करें। रात्री के समय डीपर का प्रयोग करें ओर वाहन को फॉग लाईट लगवाएं। वाहन चलाते समय चालक मोबाईल फोन का प्रयोग न करें तथा नशा से दूर रहें। यातायात नियमों का पालन करें ओर सरक्षित यात्रा कर अपने गंतव्य पर पंहुचे।

## जेएनवी करीरा की छात्रा का अतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष विभाग में हुआ चयन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा की पूर्व छात्रा मोनिका यादव का अतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष,आईएमएफ अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। जो सयुक्त राष्ट्र संघ का एक संगठन है। मोनिका यादव हाल ही में स्पेन के बारसीलोना स्कूल ऑफ इकानोमियम से पोस्ट मेल डाब्ट्रेट विषय से डिग्री पूर्ण कर भारत लौटी है। मोनिका ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनो को दिया है। उनके मार्गदर्शन और सहयोग ने इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी सफलता पर विद्यालय स्टाफ सहित क्षेत्र में में खुशी की लहर है। मोनिका यादव के पिता अभय सिंह यादव नवोदय विद्यालम करीरा में बतौर शिक्षक कार्यरत है। उन्होंने बताया कि मोनिका यादव 2 जनवरी 2025 से अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष भारत के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में अपने दामित्वों का निर्वहन करेगी।

## समाजसेवियों ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की स्वेटर

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**कोसली।** झज्जर जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वीरों की देवभूमि कहे जाने वाले गांव धारौली की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति द्वारा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और किसी के चेहरे पे मुस्कान बिखेरने से जो सकून और खुशी मिलती है, वो सकून और खुशी किसी जन्नत से कम नहीं होती है को ध्यान में रखते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव अंबोली, जिला झज्जर के 120 जरूरतमंद विद्यार्थियों को आयोजित वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम में नि:शुल्क स्वेटर वितरण की गई ढ्ड स्वेटर पाकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे ।समाजसेवी एवं शिक्षाविद् माननीय चेयरमैन सुखबीर जाखड़ ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे ढ्ड अपने संबोधन में चेयरमैन सुखबीर जाखड़ ने विद्यार्थियों की हर क्षेत्र में सफलता की कामना करते हुए भविष्य में कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी व शिक्षक डॉ. महावीर सिंह ने अपने जोशीले शब्दों से कुशलतापूर्वक मंच का संचालन करके वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम को यादगार बना दिया। 21 बार रक्तदान कर चुके युद्धवीर सिंह व अन्य समाजसेवियों व शिक्षाविदों ने अपनी ईमानदारी से कमाया नेक धन से कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सहयोग दिया।

## आमजन की प्रॉपर्टी आईडी सहित स्वामित्व योजना से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा समाधान

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि जिला के नगर पालिकाओं व नगर परिषद और बीडीपीओ कार्यालयों में प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें आमजन की प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व योजना से संबंधित शिकायतों को सुना जा रहा है और उनका समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि नगर पालिका पुन्हाना में 5 शिकायतें प्राप्त हुई तथा प्राप्त हुई शिकायतों सभी शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया है। नगरपालिका तावडू में 1 शिकायत प्राप्त हुई जिसको पेडिंग रखा है। नगरपालिका फिरोजपुर-झिरका में 3 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर सभी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 08 शिकायतों का मौके पर निपटान कर दिया गया है और 01 शिकायत को पेंडिग रखा गया है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## जाति-धर्म नहीं देखती जहरीली हवा, रॉबर्ट वाड्रा ने किया दिल्ली के प्रदूषण पर पोस्ट

नई दिल्ली । दिल्ली इन दिनों भारी प्रदूषण के दौर से गुजर रही है।यहां लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। वायु प्रदूषण को लेकर रॉबर्ट वाड्रा ने फेसबुक पोस्ट की है। रॉबर्ट वाड्रा ने पोस्ट में कहा है कि ये देखना भयावह है कि बीजेपी और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा और भलाई को अपने राजनीतिक स्वार्थ का विषय बना दिया है। यहां जीतने के लिए विचारधाराओं की लड़ाई नहीं है।यह केवल अस्तित्व का प्रश्न है। जहरीली हवा को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस जाति या धर्म से हैं।ये एक अंधाधुंध हत्यारा है। अब रोडमैप बनाने का समय आ गया है। समाधान की राह हमसे शुरू होती है।वाड्रा ने कहा कि मैं सोचता हूं कि अगर कभी कोई ऐसा अवसर आया हो जिसमें हमें अपने राजनीतिक मतभेदों को एक तरफ रखने की मांग हुई हो, तो वह यही है। दुनिया के किसी भी अन्य शहर की तुलना में छोटे बच्चे और हमारे वरिष्ठ नागरिक प्रदूषण के इस स्तर से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। समय आ गया है कि हम एक उत्पादक चर्चा में एक साथ आएं। मुझे लगता है, अगर हम वास्तव में अपने पास उपलब्ध पर्याप्त संसाधनों को एक साथ रखें तो समाधान निकाल लेंगे। उन्होंने कहा कि चीन बड़े पैमाने पर पवनचक्की शैली के पंखे (स्मॉग कवर को खत्म करने के लिए) जैसी तकनीकों का उपयोग करके अपने स्मॉग के स्तर को काफी हद तक कम करने में सक्षम है।

## शराब की आदत और पत्नी से झगड़ा हुआ फिर तलवार उठाई और काट दिया गला

बांदा। जिले में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी 30 साल की पत्नी की तलवार से गला काटकर हत्या कर दी।घटना मरौली गांव में हुई।थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि दीपू सिंह (33) ने अपनी पत्नी प्रियंका पर तब हमला किया, जब वे दोनों अपने घर पर अकेले थे। कुमार के अनुसार, दीपू शराब का आदी था और कपल के बीच कुछ विवाद था।उन्होंने बताया कि हमले में पत्नी की तुरंत ही मौत हो गई और उसका पति मौके से भाग गया।घरेलू बहस में निर्मम हत्या का ये कोई पहला मामला नहीं है बल्कि आए दिन ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं। तीन दिन पहले ही दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में मामूली विवाद के बाद पति ने चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या कर दी। पति द्वारा हमला किए जाने के बाद लोगों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। हमले बाद में शाम को, जब मृत पत्नी की सास घर लौटी और शव को खून से लथपथ देखा, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। अधिकारी ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।मामले की जांच की जा रही है और फरार आरोपी को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि मृतक महिला और आरोपी पति की यह दूसरी शादी थी। पुलिस को घटना की सूचना सुबह 7-30 बजे मिली। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कोस्ट गार्ड ने 7 मछुआरों को बचाया, पाक मरीन की फायरिंग के बाद बोट समुद्र में डूब गई थी

अहमदाबाद । भारतीय जल क्षेत्र में पाकिस्तान मरीन की एक और शरारत सामने आई है। बीते दिन भारतीय जल क्षेत्र में मच्छीमारी कर रहे स्थानीय मछुआरों पर पाकिस्तान मरीन द्वारा फायरिंग की गई। फायरिंग की घटना के बाद भारतीय मछुआरों की बोट समुद्र में पलट गई। हांलाकि भारतीय कोस्ट गार्ड को जैसे ही इसकी सूचना मिली वह मौके पर पहुंच गए और सभी 7 मछुआरों को बचाकर किनारे पर ले आए।जानकारी के मुताबिक रविवार को अरब सागर में आईएमबीएल के पास फायरिंग की घटना हुई। जिसमें जखौ इलाके में भारतीय मछुआरों की बोट पर गोलीबारी की गई और इसके बाद पूरी नाव समुद्र डूब गई। यह गोलीबारी पाकिस्तान की मरीन सिक्युरिटी द्वारा की गई थी। फायरिंग के वक्त नौका में 7 मछुआरे सवार थे। समुद्र में बोट डूबने की सूचना मिलते ही भारतीय तट रक्षक बल के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए और सभी 7 मछुआरों को बचाकर द्वारा बचाकर द्वारका लाया गया। हालांकि भारतीय तटरक्षक बल की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया यह भी जा रहा है कि कि नाव पर कोई फायरिंग नहीं हुई बल्कि पाकिस्तानी मरीन की बोट और भारतीय मछुआरों की नौका के बीच टक्कर हुई थी। इस कारण भारतीय नौका समुद्र में डूब गई। अब सवाल ये उठता है कि अगर ये नौका पाकिस्तान मरीन एजेंसी की बोट से टकराई तो क्या पाकिस्तानी नौसैनिक भारतीय सीमा में घुस आए थे? फिलहाल पूरे मामले में कोस्ट गार्ड द्वारा मछुआरों से पूछताछ की जा रही है। ओखा मरीन पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रदूषण और धुंध के चलते दिल्ली से 11 उड़ानें डायवर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण व धुंध से हर कोई प्रभावित हो रहा है। यहां प्रदूषण व धुंध का असर विमान सेवाओं पर भी पड़ा है। एक अधिकारी ने बताया कि खराब दृश्यता के कारण सोमवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर कुल 11 उड़ानें डायवर्ट की गईं और कई के उड़ान में देरी हुई। सोमवार को स्पाइसजेट और इंडिगो ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से यात्रियों को सूचित किया कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के उच्च स्तर से खराब हुई दृश्यता के कारण उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं।अधिकारी ने कहा कि 11 उड़ानों में से 10 को जयपुर और एक को देहरादून डायवर्ट किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ पायलटों को कैट 3 संचालन के लिए प्रशिक्षित नहीं किया गया था, जिसके कारण उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। मोटे तौर पर कैट 3 प्रशिक्षित पायलटों को बहुत कम दृश्यता की स्थिति में भी विमान उड़ाने या उतारने की अनुमति प्राप्त है।दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने सोमवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता देखी जा रही है। डीआईएएल दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करता है, जो प्रतिदिन लगभग 1400 उड़ानों की आवाजाही संभालता है।

# केजरीवाल का फॉर्मूला: 15 दिन में 65 हजार बैठकें फतह कराएंगी दिल्ली



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होना अभी बाकी है। लेकिन राजनैतिक दल अभी से अपनी जीत का रास्ता ढूंढने लगे हैं। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और विपक्षी दलों भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस ने जोरशोर से प्रचार भी शुरू कर दिया है। इस बीच आप के राष्ट्रीय संयोजक ने अपने नेताओं को अहम टास्क देते हुए कहा है कि यदि 15 दिनों में 65 हजार बैठकें कर लीं तो फिर जीत तय है। केजरीवाल ने 65 हजार बैठकों का फॉर्मूला तैयार किया है। उन्होंने अपने नेताओं को पूरी दिल्ली को मथ देने का तरीका बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कमी निकालने वालों से बहस नहीं करने की नसीहत दी है।

केजरीवाल ने कहा है कि सभाओं के दौरान यदि कोई कमी निकाले तो उससे बहस नहीं करनी है, बल्कि एक और मौका मांगते हुए कहना है कि अब इसे ठीक कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, किसी से बहस नहीं करनी है, दिल जीतना है उसका। कई बार बहस तो जीत जाते हो आप, दिल हार जाते। आप बहस हार जाओ दिल जीत लो। वह आपको कुछ कह रहा है, कहिए कि हां यार बात तो तू ठीक कर रहा है। इतना कहते ही वह आपका दीवाना हो जाएगा। वह आपकी कोई कमी निकाले, वह कहे कि केजरीवाल तुम्हारा ऐसा, बोलो हां यार तू ठीक कह रहा है, हम ठीक करेंगे इसको। एक मौका और चाहिए। कई काम किए हैं, कई काम रह भी गए। सारे काम थोड़े ना पूरे होते हैं। सबका दिल जीतना है, बहस नहीं करनी, लड़ाई नहीं करनी अपने को।दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यदि संभव हो तो मंडल अध्यक्ष और अन्य नेता तीन महीने की अपने काम से छुट्टी ले लें। केजरीवाल ने कहा, पार्टी को समय देना पड़ेगा। कई लोग हैं जो फुल टाइम हैं, कई फुल टाइम नहीं हैं। अगर हो सके तो तीन महीने की छुट्टी ले लो। जो-जो छुट्टी ले सकता है ले लो।

मंडल अध्यक्षों के साथ आयोजित बैठक में अरविंद केजरीवाल ने कहा, 5 बूथ हैं एक मंडल अध्यक्ष के पास। एक बूथ पर 200 से 250 परिवार हैं। हर 50 परिवार पर एक सभा करनी है। लगभग 4-5 मीटिंग हो गई एक बूथ पर। वो इतनी गहन करनी है कि उन 50 परिवार को अच्छे से टच कर लें। एक दिन घर-घर जाकर उन्हें इनवाइट करना है। अगले दिन उनको आसपास किसी गली में बुलाना है। उनके साथ मीटिंग करनी है। 50 को बुलाओगे तो 20-25 परिवार तो आ ही जाएंगे। एक राउंड फिर सबके घर जाना है एक बूथ पर 5 मीटिंग करनी है। 5 बूथ है तो 25 मीटिंग करनी है। 15 दिन में 25 मीटिंग करनी है। एक दिन में एक या दो मीटिंग करनी है। केजरीवाल ने कहा कि 15 दिन में जमकर काम कर लिया तो मथ जाएगी पूरी दिल्ली। ऐसा हो जाएगा जिसा धुआंधार प्रचार आज तक किसी ने देखा ही नहीं होगा। 13 हजार बूथ हैं, एक पर पांच मीटिंग कर लोगे तो 65 हजार मीटिंग। यदि 15 दिन में आपने 65 हजार मीटिंग कर ली तो कोई हरा सकता है आपको? भगवान भी खुश हो जाएंगे, यार मेहनत कर रहे हैं, कर्म कर रहे हैं ये लोग, इनको फल तो मिलना चाहिए।

## बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड की संस्कृति और समाज के लिए गंभीर खतरा

### -असम सीएम हिमंत विसवा सरमा ने झामुमो पर लगाए आरोप



नई दिल्ली। असम सीएम हिमंत विसवा सरमा ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड की संस्कृति और समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। सरमा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नीतियों को लेकर आरोप लगाया कि राज्य सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। गोड्डा में एक रैली में सीएम सरमा ने दावा किया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी समुदाय की लड़कियों से शादी कर रहे हैं और उनकी ज़मीनें हड़प रहे हैं।उन्होंने इसे 'लव जिहाद' और भूमि हड़पने की प्रक्रिया बताया।उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना के लिए खतरा बन चुके हैं।झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी के चुनाव सह-प्रभारी हिमंत सरमा ने संथाल परगना क्षेत्र के ऐतिहासिक आंकड़े पेश करते हुए आरोप लगाया कि 1951 में इस क्षेत्र में हिंदुओं की संख्या 90 फीसदी थी, जो अब घटकर 67 फीसदी रह गई है। वहीं, मुस्लिम आबादी 1951 में दो लाख से बढ़कर 31 फीसदी तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। इस बयान के बाद झारखंड में राजनीतिक माहौल गरमा सकता है।

## इंदिरा गांधी को भी लगता था वह हमेशा सत्ता में रहेंगी, मोदी-योगी भी नहीं रहेंगः ओवैसी



**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने मुजफ्फरनगर के मीरापुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के नारे पर पलटवार किया। वहीं मंच से मुख्यमंत्री को खुली चुनौती भी दे डाली। उन्होंने कहा, 'झांसी में 10 बच्चे जले, जांच में दो जुड़वा बेटी की जलकर मौत हो गई। याकूब मंसूरी ने उन्हें जलने से बचाया था। उन्होंने कहा कि मैं योगी को चैलेंज करता हूं, क्या याकूब मंसूरी के सामने बोलोगो कि क्या कटोगे बंटोगे। ये सब जगह फैलाया जा रहा है। बटेंगे और कटेंगे से क्या होगा। बांग्लादेश में क्या हुआ है।

एमआईएम सांसद ने कहा, 'इंदिरा गांधी भी यही समझती थीं। योगी और मोदी भी यही समझते हैं कि सत्ता हमेशा इनके पास रहेगी। क्या बुढ़ाना कांड में कोई लाल टोपी वाला वहां गया। जब हमारे लोग जेल में जाते हैं तो हम सोचते हैं कि ससुराल गए। शेर के सामने आने का अखिलेश यादव आपने गलत टाइम लिया है। बीजेपी मेरी वजह से नहीं आई है इनकी वजह से आई है।' उन्होंने कहा कि भारत में बैठकर ट्रंप को जीता दिया, बताओ मेरा लड़ना जरूरी है क्या? आप नहीं चाहते हैं हजारों लोग सांसद और विधायक बनें। कुंदरकी के बीजेपी उम्मीदवार हैं क्या-क्या बोलें जा रहे हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश की सभी 9 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए सोमवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तमाम राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं ने जनसभा और रोड शो किया। अब सभी 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी।

## प्रधानमंत्री मोदी के आरापों पर सिद्धारमैया का पलटवार

### मोदी के खिलाफ मुकदमा दायर करने की तैयारी में कर्नाटक के सीएम



**बेंगलुरु (एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्नाटक सरकार पर लगाए गए लूटने के आरोपों का कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को करारा जवाब दिया है। बेंगलुरु में कनकदास जयंती कार्यक्रम में सिद्धारमैया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का बयान केवल वोट हासिल करने के लिए जनता को गुमराह करने की कोशिश है। उन्होंने इसे झूठा करार देते हुए, इसके खिलाफ मुकदमा दायर करने की योजना का ऐलान किया। सिद्धारमैया ने कहा, यह एक पूरी तरह से झूठा आरोप है, जो प्रधानमंत्री मोदी अपनी राजनीतिक लाभ के लिए कर रहे हैं। हम कानूनी पहलुओं की जांच करेंगे और इसके खिलाफ मुकदमा दायर करने का इरादा रखते हैं प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र में एक रैली के दौरान आरोप लगाया था कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में लोगों को लूट रही है और कर्नाटक सरकार द्वारा वसूला गया पैसा कथित तौर पर महाराष्ट्र चुनावों में खर्च किया जा रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि कर्नाटक में कांग्रेस ने अपने चुनावी वादे पूरे नहीं किए और बदले में वसूली के अभियान चला रहे हैं, जिससे राज्य में घोटाले उजागर हो रहे हैं। पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी पर भी निशाना साधते हुए कहा था कि वह कर्नाटक के हित में कर हस्तांतरण के मुद्दे पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। मोदी ने यह सवाल किया कि क्या कुमारस्वामी ने कभी गरीबों के लिए कुछ किया है।

**कर हस्तांतरण में नहीं हो रहा अन्याय**

सिद्धारमैया ने इस आरोप को भी खारिज किया और कहा कि कर्नाटक राज्य को कर हस्तांतरण में अन्याय हो रहा है, क्योंकि राज्य उच्च करों का योगदान करता है, लेकिन उसे उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से इसके समाधान की मांग की थी।

## मशहूर यूट्यूबर सौरव को लॉरेंस गैंग ने दी धमकी, 2 करोड़ की मांगी रंगदारी

### -गैंग ने अपने इंस्टाग्राम आईडी का किया जिक्र, जय महाकाल भी लिखा




**देहरादून (एजेंसी )।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग जो आजकल बड़े-बड़े लोगों को धमकी देकर रंगदारी मांग रहा है और अपना डर फैला रहा है। बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान को धमकी देने के बाद अब लॉरेंस गैंस ने देश के प्रसिद्ध यूट्यूबर सौरव जोशी को धमकी भरा पत्र भेजा है। इस पत्र में गैंग ने सौरव जोशी से दो करोड़ रुपये की रंगदारी की मांगी है और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी है। धमकी मिलने के बाद सौरव ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

सौरव जोशी जो कि हल्द्वानी के ओलिविया रामपुर के रहने वाले हैं, उन्होंने शिकायत में बताया कि उन्हें लॉरेंस गैंग की ओर से एक पत्र मिला था। पत्र में लिखा था कि गैंग के सदस्य करन बिश्नोई ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पत्र में यह भी कहा गया कि यदि सौरव जोशी ने दो करोड़ रुपए नहीं दिए, तो गैंग परिवार के किसी सदस्य की हत्या कर देगी। पत्र के अंत में गैंग के इंस्टाग्राम आईडी का जिक्र भी किया था और जय महाकाल लिखा था।

धमकी भरे पत्र में यह भी लिखा था कि अगर आप पुलिस में जाने की कोशिश करेंगे या किसी अन्य को इस धमकी के बारे में बताएंगे तो उसके गंभीर परिणाम होंगे। हम आपके परिवार के किसी सदस्य की जान ले सकते हैं। इस घटना के बाद सौरव ने पुलिस से तुरंत मदद मांगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सौरव जिनके 21 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं, एक प्रमुख यूट्यूबर हैं और अपने चैनल सौरव जोशी आर्ट्स के जरिए हर महीने लाखों रुपए कमाते हैं। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## चरणजीत सिंह चन्नी को महिला आयोग का नोटिस, महिलाओं पर दिया था विवादित बयान



**श्री मुक्तसर साहिब (एजेंसी )।** जालंधर से सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को महिलाओं के खिलाफ विवादित बयान देने पर महिला आयोग ने नोटिस जारी किया है। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद राज्य महिला आयोग ने चन्नी को यह नोटिस दिया है। महिला आयोग ने चन्नी को मंगलवार को मोहाली स्थित कार्यालय में पेश कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। वहीं, चन्नी पर एफआईआर दर्ज करने की भी बात कही गई है। चन्नी रविवार को गिद्दड़बाहा में कांग्रेस उम्मीदवार अमृता वड़िंग के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक कहानी सुनाते हुए महिलाओं को लेकर विवादित बयान दिया था। इसके अलावा चन्नी पर विरोधी पार्टी पर तंज कसने के दौरान जट और हिंदू भाईचारे के लोगों का उदाहरण देते हुए विवादित बयान देकर दो धर्मों में चुनाव के दौरान शांति भंग करने के भी आरोप लगे हैं। महिला आयोग ने इस पर कार्रवाई करने के लिए पंजाब के डीजीपी को पत्र लिखा है। विपक्ष ने चन्नी की मानसिकता पर सवाल उठाए हैं। श्रीआनंदपुर साहिब से सांसद मालविंदर सिंह कंग ने कहा कि चन्नी की मानसिकता पूरी कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दर्शाती है। वहीं गिद्दड़बाहा से आप उम्मीदवार हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने कहा कि कांग्रेस ने एक महिला को उम्मीदवार तो बनाया है लेकिन उनके नेताओं की सोच देखिए उसी महिला के पास खड़े होकर ऐसा आपत्तिजनक बयान देना निंदनीय है। चन्नी पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके हैं उनके मुंह से ऐसे शब्द शोभा नहीं देते। महिला आयोग को चन्नी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

**पेश नहीं हुए तो दर्ज होगी एफआईआर**

राज्य महिला आयोग राज लाली गिल ने जारी नोटिस में कहा है कि चरणजीत सिंह चन्नी ने महिलाओं के प्रति बहुत ही शर्मनाक बयान दिया है। वहीं दो धर्मों में फूट डालने का प्रयास किया है। अगर 19 नवंबर सुबह 11 बजे चन्नी उनके कार्यालय में पेश होकर अपना स्पष्टीकरण नहीं देते तो समझ लिया जाएगा कि आप अपनी सफाई में कुछ नहीं कहना चाहते और डीजीपी पंजाब को आपके खिलाफ भारतीय संहिता बीएनएस के तहत एफआइआर दर्ज करने के लिए लिखा जाएगा। इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भी जालंधर में पूर्व सीएम चन्नी शिअद नेता बीबी जगीर कौर के गाल पर हाथ लगाने पर विवादों में घिर गए थे। उस समय भी मामला राज्य महिला चुनाव आयोग के पास चला गया था। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया था।

## महाकुंभ में मुसलमानों का प्रवेश हो वर्जित, संतों का धर्म हो सकता है भ्रष्ट-अखाड़ा परिषद



**प्रयागराज (एजेंसी )।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा है कि महाकुंभ में मुसलमानों का प्रवेश वर्जित होना चाहिए। ऐसा न करने पर साधु और संतों का धर्म भ्रष्ट हो सकता है। थूक जिहाद के माध्यम से मुसलमान साधु-संन्यासियों का धर्म भ्रष्ट करने का प्रयास कर सकते हैं और खाने-पीने की चीजों में मिलावट कर सकते हैं।

अखाड़ा परिषद की बैठक के बाद रवींद्र पुरी सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि कि क्या कोई गैर मुसलमान या हिंदू मक्का जा सकता है या वहां पर दुकान लगा सकता है। यदि नहीं तो यहां भी मुसलमानों को प्रवेश नहीं मिलना चाहिए। क्योंकि महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा समागम और महापर्व है। यहां पर माहौल बिगाड़ने के लिए गैर सनातन धर्म से ताल्लुक रखने वाले खास तौर पर मुस्लिम खाने पीने के सामानों में पेशाब या थूक मिला सकते हैं, जैसा कि कई प्रदेशों में हो चुका है। उन्होंने कहा कि इससे सनातन धर्मावलंबियों का धर्म भ्रष्ट हो सकता है। इसका पता चलने पर साधु-संत ऐसे लोगों को मार सकते हैं, जिसका पूरे देश-विदेश में गलत संदेश जाएगा। इस तरह की स्थिति पैदा ही न हो इससे बेहतर है कि मुसमानों को महाकुंभ में भोजन, नाश्ता, जूस या अन्य खाने पीने के सामानों का दुकान लगाने की अनुमति न दी जाए।

महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि महाकुंभ में पूरे देश से संत, महात्मा और तपस्वी आ रहे हैं। प्रसाद, चाय, काफी, मिठाई या अन्य खाद्य पदार्थ में कोई ऐसा चीज मिलाई जा सकती है जिससे कि उनका धर्म भ्रष्ट हो जाए। इसका पता चलने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कई प्रदेशों में इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं और सोशल मीडिया पर इस तरह का वीडियो भी वायरल हो चुके हैं। इससे सबक लेते हुए सतर्क रहने और बैन लगाने की जरूत है। कहा कि मुसलमान ठेकेदारी करें, दूसरे सामानों का दुकान लगाएं लेकिन खाने पीने के सामानों को बेचने की अनुमति उन्हें न दी जाए।

## भारत में हर घंटे होती हैं 52 सड़क दुर्घटनाएं, जान गंवाने वालों में युवा सबसे ज्यादा

### -आंकड़े चिंताजनक, रोड सेफ्टी को लेकर गंभीर कदम उठाने की जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, हर घंटे औसतन 52 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 20 लोग अपनी जान गंवाते हैं। 2022 में देशभर में 4.62 लाख सड़क हादसे हुए, जिनमें 1.68 लाख से ज्यादा लोग मारे गए और 4.44 लाख घायल हुए। इन हादसों में मारे गए 50 फीसदी से ज्यादा लोग 18 से 35 साल की उम्र के थे। यह आंकड़े न केवल चिंताजनक हैं, बल्कि रोड सेफ्टी को लेकर गंभीर कदम उठाने की जरूरत को भी रेखांकित करते हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक 70 फीसदी सड़क हादसों की वजह तेज रफ्तार है। इसके अलावा, नशे में गाड़ी चलाना, रेड लाइट जंप करना, गलत साइड ड्राइविंग और मोबाइल फोन पर बात करना प्रमुख हैं। टूवीलर चालकों और पैदल चलने वालों की दुर्घटनाओं में मृत्यु दर सबसे ज्यादा है। 2022 में मरने वालों में 44 फीसदी से ज्यादा लोग टूवीलर चालक थे।

भारत के कुल सड़क नेटवर्क का केवल 4.9 फीसदी हिस्सा राष्ट्रीय और राज्य हाइवे का है, लेकिन इन पर 60 फीसदी सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि इन हादसों के पीछे खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, शार्प कर्व, क्रैश बैरियर्स और अपर्याप्त रोशनी जैसे कारक जिम्मेदार हैं। ड्रंक ड्राइविंग और स्पीडिंग के मामलों में युवा सबसे ज्यादा शामिल हैं। साइकोलॉजिस्ट का कहना है कि बच्चों में सड़क सुरक्षा के नियमों की आदत बचपन से ही डालनी चाहिए। माता-पिता को यह तय करना चाहिए कि बच्चे हेलमेट पहनें, नशे में गाड़ी न चलाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। स्कूल स्तर पर भी सड़क सुरक्षा को रोचक और प्रभावी तरीके से सिखाने की जरूरत है।

एक रिपोर्ट बताती है कि सड़क दुर्घटनाओं में मौत के मामले में भारत सबसे ऊपर है। लगातार बढ़ते हादसों की दर भारत के लिए एक राष्ट्रीय आपातकाल जैसी स्थिति है। इसे रोकने के लिए सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक को मिलकर काम करने की जरूरत है। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और कड़े कानून ही इस गंभीर समस्या का समाधान हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क हादसों को कम करने के लिए तीन मुख्य पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत है। ड्राइवर की लापरवाही को रोकने के लिए कड़े कानून लागू करना, सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित और बेहतर बनाना, वाहनों में सुरक्षा उपकरणों जैसे कोलिज़न वॉर्निंग सिस्टम, बेहतर एयरबैग और ब्रेकिंग सिस्टम को अनिवार्य करना। इसके अलावा, दुर्घटना के बाद की स्थिति को संभालने के लिए ट्रॉमा केयर सिस्टम को मजबूत करना जरूरी है।



# 22 नवंबर से खुलेगा एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स का आईपीओ, प्राइस बैंड 140 से 148 रुपए प्रति शेयर

**नई दिल्ली।**

जल उपचार संयंत्रों, सीवेज उपचार संयंत्रों और सामान्य प्रदूषित जल उपचार संयंत्रों का निर्माण करने वाली कंपनी एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड का आईपीओ इस सप्ताह 22 नवंबर को खुलेगा। निवेशक इस आईपीओ में 26 नवंबर तक बोली लगा सकेंगे।

इसका प्राइस बैंड 140 से 148 रुपए प्रति शेयर और इश्यू का आकार 3.87 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 52.68 लाख शेयरों का ऑफर फोर सेल) होगा। इस आईपीओ की कुल वैल्यू 650.43 करोड़ रुपए है। एंकर इनवेस्टर्स 21 नवंबर को बोली लगाएंगे। पब्लिक इश्यू 22 से 26 नवंबर तक है। रिटेल निवेशक कम से कम 101 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, और इसके बाद 101 के गुणकों में बोली लगानी होगी।

50 फीसदी योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआइआइ) के लिए और 35 फीसदी रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित होगा। कंपनी इस निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने, मथुरा सीवरेज योजना




के तहत 60 एमएलडी एसटीपी के निर्माण और कुछ ऋण चुकाने के लिए करेगी।

इस आईपीओ का ग्रे मार्केट में कोई प्रीमियम कोट नहीं है, यानी यह बिना किसी प्रीमियम पर कारोबार कर रहा है। यह आईपीओ पानी और जल पुनर्चक्रण क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी के लिए एक अच्छी पहल है और निवेशकों के लिए एक अवसर हो सकता है, विशेष रूप से जल आपूर्ति और उपचार से संबंधित परियोजनाओं में बढ़ते निवेश के दृष्टिकोण से।

# एलजीबीआई हवाई अड्डे पर 1.74 लाख यात्रियों की आवाजाही

## - एलजीबीआई हवाई अड्डे पर सामान्य दिनों में 127 उड़ानें चलाई जाती हैं




**गुवाहाटी ।**

गुवाहाटी स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर छह नवंबर से 10 दिनों में 1.74 लाख यात्रियों की आवाजाही हुई। अदाणी समूह ने दोस्ती भरे बयान में आते हुए जानकारी दी कि इस हवाई अड्डे ने इस सप्ताही समय में 1,202 उड़ानें संचालित की गई और यात्रियों के लिए सुचारू सेवाएं उपलब्ध कराई गई। कंपनी ने अपनी सफलता का जश्न मनाते हुए कहा कि 14 नवंबर को हमारे अड्डे पर साल के सर्वाधिक 20,413 यात्रियों की सेवाएं दी गईं और 146 फ्लाइट ऑपरेशंस सफलतापूर्वक संपन्न हुए। एलजीबीआई हवाई अड्डे पर सामान्य दिनों में 127 उड़ानें चलाई जाती हैं जिससे दिन-प्रतिदिन लगभग 17,500 यात्री इस्तेमाल करते है। यात्रियों के बढ़ते संख्या को देखते हुए, अदाणी समूह ने स्पष्ट कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि यातायात का सुचारू प्रबंधन जारी रहे ताकि यात्री सुरक्षित और सुविधाजनक ढंग से यात्रा कर सकें। मेवाड़ी एलजीबीआई हवाई अड्डे पर यात्रियों की उल्लासित परिवार यहां खूबसूरत ताजमहल को देखने की आवाजाही कर रहे हैं। उन्होंने साझा किया कि इस स्थल पर उन्होंने अपने परिवार के साथ बहुत अच्छे अनुभव किए हैं और उन्हें अपने अगले यात्रा की योजना भी यही रखना है। इस तरह सफलतापूर्वक चल रहे हवाई अड्डे का यात्रियों द्वारा स्वागत है। नवंबर माह ने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को एक स्तर पर मिलाकर परिवारिक सुखद अनुभव प्रदान किया है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि 6 तिमाहियों के निचले स्तर पर आने की आशंका

## जून तिमाही के दौरान अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी




**नई दिल्ली ।**

भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में सितंबर 2025 के तिमाही में कमी हो सकती है, जैसा कि उच्च संकेतकों से पता चलता है। विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती के कारण यह संभावना है कि अर्थव्यवस्था का निचला पड़ता रह सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने जून तिमाही के दौरान अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत बताई थी, परंतु अपने अक्टूबर के बुलेटिन में इसे 6.8 प्रतिशत कम कर दिया। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद 7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान रखा था। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 29 नवंबर को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी करने का ऐलान किया है।

सितंबर तिमाही के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत पर आ गई है, जो जून तिमाही में 5.45 प्रतिशत थी। आर्थिक बाजार के मुख्य अर्थशास्त्री ने इस समय की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि जीडीपी वृद्धि में गिरावट की संभावना है, विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र में। उन्होंने राजस्व और मुनाफों में भी सुस्ती के संकेत दिए।वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में सकारात्मक पहलुओं की अपेक्षा है, ग्रामीण मांग और सरकार के व्यय के माध्यम से वृद्धि को समर्थन मिलेगा। एफएमसीजी की बिक्री के बढ़ने के साथ, सरकार के व्यय में भी वृद्धि की संभावना है जो एक सकारात्मक संकेत हो सकता है।रिजर्व बैंक के परिदृश्य में कहा गया है कि आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम हो रहा है, जिससे अनिश्चितता बढ़ रही है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ उच्च संकेतकों से सामने आ रही तस्वीर विवेचनीय है। जीडीपी वृद्धि और विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति पर ध्यान देक्ते हुए, भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण पहलुओं पर नजर रखने की जरूरत है ताकि संभावित उतार-चढ़ावों का सामना किया जा सके।

# अमेरिका की जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी भारत में स्थापित कर सकती है कैंपस

## - जेएचयू के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी उच्चतम शिक्षा संस्थान जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी (जेएचयू) ने भारत में कैंपस स्थो पित करने की योजना बनाई है। इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव की चर्चा के लिए जेएचयू के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। इस मुलाकात में जेएचयू के अध्यक्ष रोनाल्ड जे. डेनियल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आया। इस मंडल में जेएसयू की आंतरिक इकाई, गुप्ता स्की इंडिया इंस्टीट्यूट के अधिकारी भी शामिल थे। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य जेएचयू समुदाय को भारत में भागीदारों के साथ जोड़ना और लगातार उन्नति करना है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मुलाकात में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 भारतीय शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।


शिक्षा मंत्री ने जेएचयू की सराहना की और बताया कि इस साझेदारी से छात्रों और शिक्षकों के बीच नए क्षेत्रों में अनुसंधान की सहायता होगी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार जेएसयू के साथ एक भारतीय कैंपस की स्थापना के लिए चर्चा की गई। इस चर्चा में गुप्ता और उनकी टीम ने भारत-अमेरिका शैक्षिक सहयोग के महत्व को उजागर किया। जेएसयू की यह प्रतिनिधिमंडल भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ गहरी साझेदारी को मजबूत करने के लक्ष्य में भारत में विभिन्न संस्थानों का दौरा करेगा। इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव के साथ यह मंडल सरकार के अधिकारियों, शिक्षाविदों और कांसुलर प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत करेगा। जेएचयू के भारतीय मूल के कुछ प्रमुख फैकल्टी सदस्यों ने भी इस बहस में भाग लिया।

# अक्टूबर के पहले पखवाड़े में बैंकों से 1.12 लाख करोड़ निकाले गए

## - मार्च से अक्टूबर तक बैंकों का जमा 7.7 फीसदी बढ़कर 220 लाख करोड़ रुपये के करीब

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीन आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर के पहले पखवाड़े में बैंकों से 1.12 लाख करोड़ रुपये निकाले गए हैं। इन पैसों का मुख्य इक्विटी बाजार में निवेश हुआ था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स अक्टूबर में 6 फीसदी तक गिरा, जिससे निवेशकों को हानि हुई। यह गिरावट उन्हें सुरक्षित समझे जाने वाले बैंकों में निवेश करने के लिए प्रेरित करने लगी। सितंबर में बीएसई सेंसेक्स अपना रिकॉर्ड 85,800 के पार पहुंच गया था। उस समय बाजार में निवेश बढ़ रहा था और सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 478 लाख करोड़ रुपये हो गई थी। आरबीआई के आंकड़े दर्शाते हैं कि अगस्त के अंत में बैंकों का कुल जमा 215.50 लाख करोड़ रुपये था। सितंबर के पहले हफ्ते में यह 45,000 करोड़ रुपये कम होकर 215.05 लाख करोड़ रह गया, लेकिन बाजार में गिरावट के चलते यह फिर बढ़ गया। बैंकों के कुल कर्ज में चार लाख करोड़ की वृद्धि देखी गई है, जबकि जमा में 5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। मार्च से




अक्टूबर तक बैंकों का जमा 7.7 फीसदी बढ़कर 220 लाख करोड़ रुपये के करीब है।

म्यूचुअल फंड में एसेट अंडर मैनेजमेंट की मूल्य 25.9 फीसदी बढ़ गई है, जबकि शेयर बाजार में निवेशकों के 47 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बाजार पूंजीकरण 27 सितंबर को 477.90 लाख करोड़ रुपये था, जो अब 430.60 लाख करोड़ रुपये तक गिर चुका है।

# टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में आईफोन प्लांट में मेजॉरिटी स्टेक खरीदेगी

## - समझौते के तहत टाटा के पास 60 फीसदी हिस्सेदारी होगी

**नई दिल्ली ।**

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत में एकमात्र आईफोन प्लांट में मेजॉरिटी स्टेक खरीदने की घोषणा की है। यह कंपनी ताइवान की पेगाट्रॉन के साथ नया जॉइंट वेंचर बनाने की योजना बना रही है। इस समझौते के तहत टाटा के पास 60 फीसदी हिस्सेदारी होगी और वह जॉइंट वेंचर के ऑपरेशन्स की देखभाल करेगी। पेगाट्रॉन टेक्निकल सपोर्ट देने के लिए भागीदार रहेगा। पूरी दुनिया में ऐपल कंपनी की आईफोन की मांग बढ़ रही है और चीन-अमेरिका के बीच टेंशन के चलते ऐपल भारत में अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करने हेतु कदम उठा रही है।` विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में अंगीकृत आईफोन उत्पादन में वृद्धि से भारतीय बाजार में उनका रवैया मजबूत होगा। यह समझौता साक्षरता और रोजगार के दृष्टि को भी बढ़ावा देगा और खिलाड़ी कंपनियों के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के इस कदम से भारत में डिजिटल उत्पादन क्षेत्र में नये उत्साह और संभावनाएं उमड़ने की संभावना है।



# टमाटर की होलसेल कीमतों में गिरावट शुरू

## - 14 से 20 रुपये किलो तक कम हुए टमाटर के दाम

**नई दिल्ली ।** टमाटर की होलसेल कीमतों में गिरावट शुरू हो गई है, जिससे देशभर में खुदरा मूल्य में भी कई गिरावटें आई हैं। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर की कीमत पिछले 10 दिनों में 80 रुपये से 60 रुपये प्रति किलोग्राम तक आ गई है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नवंबर के मध्य बाजार में टमाटर का औसत खुदरा मूल्य 52.35 रुपये प्रति किलोग्राम रहा जो कुछ हफ्ते पहले 67.50 रुपये प्रति किलोग्राम था। गिरावट की जानकारी के बाद देश के बड़े शहरों में भी खुदरा मार्केट में टमाटर की कीमतों में कमी देखने को मिल रही है। इसी अवधि के दौरान, दिल्ली की आजादपुर मंडी में मॉडल थोक मूल्य में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। मंत्रालय ने बताया कि कई प्रमुख बाजारों से सूचना मिली है कि कीमतों में सुधार की संकेत मिल रहा है। कुल मिलाकर टमाटर की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ उत्पादन में भी वृद्धि की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश का टमाटर उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 213.20 लाख टन होने का अनुमान है, जो समय परांत में उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लाभ के साथ मानसिक आराम भी देगा।

# ओडिसी निवेश सौदे के तहत जिप को 40,000 इलेक्ट्रिक वाहनों की करेगी आपूर्ति

**नई दिल्ली ।** भारत के ईवी-एज-ए-सर्विस मंच के शीर्ष विनिर्माता ओडिसी इलेक्ट्रिक ने घोषणा की है कि उन्होंने जिप इलेक्ट्रिक से 40,000 वाहनों का ठेका हासिल किया है। इस निवेश सौदे के तहत, ओडिसी ने बताया है कि उनकी कंपनी अगले तीन वर्षों में 40,000 इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति करेगी। कंपनी के एक अे धिकारी ने इस महत्वपूर्ण निवेश के बारे में बताया` कि ओडिसी इलेक्ट्रिक में यह नया निवेश हमारे राष्ट्रव्यापी विस्तार योजनाओं को महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान करेगा। जिप इलेक्ट्रिक की गहन उद्योग विशेषज्ञता तथा बेड़े के विद्युतीकरण की दृष्टि हमें इलेक्ट्रिक वाहनों के बी2बी सेगमेंट में मजबूत बिजनेस-टू-बिजनेस और उपभोक्ता मांग को रेखांकित करने में मदद करेगी।

# केंद्र सरकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आयात पर लगाएगी रोक


## - लैपटॉप आयात में होगी कटौती, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर रहेगा जोर

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार वर्तमान में लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आयात पर रोक लगाने के तौर-तरीकों पर विचार कर रही है, जिससे देश में उत्पादन को बढ़ावा देने के लक्ष्य को प्रोत्साहित किया जा सके। सरकार की ओर से शुरूआत में आयात को मौजूदा स्तर से 5 फीसदी कम करने की संभावना तलाश की जा रही है ताकि जब आयात सीमा लागू हो, तो देश में उपकरणों की आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो। अगस्त 2023 में, चीन पर निर्भरता कम करने के लिए चुनिंदा आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए लाइसेंस की योजना की गई थी, लेकिन उद्यमों और अमेरिका जैसे व्यापारिक भागीदारों की चिंताओं के बाद सरकार ने नवंबर 2023 से ऑनलाइन आयात परमिट के लिए नई प्रबंधन प्रणाली की घोषणा की थी। नई व्यवस्था में 7 आईटी हार्डवेयर उत्पादों को शामिल किया गया था, जिसे 31 दिसंबर तक के लिए लागू किया गया था। इस सावधानी की प्रक्रिया के साथ, सरकार के द्वारा नई योजना के तहत विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए आयात को घटाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने के लिए नए उपायों का परीक्षण किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यह प्रक्रिया पूरे संकेतों के साथ संभव है और राष्ट्रीय सुरक्षा के पहलुओं को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही, कम से कम दो नई विदेशी कंपनियां भारत में विनिर्माण शुरू करने की योजना बना रही हैं, जिससे देश की नीति में स्थिरता और और उत्पादन क्षमता में सुधार हो सके। इस प्रगति में सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं और विनिर्माण के सक्षमता में बढ़ोतरी को सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध धारणाएं लेने का प्रस्ताव किया गया है। यह स्थिति राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# ई-कॉमर्स मंच मीशो 2.2 करोड़ संदिग्ध लेनदेन के खिलाफ कार्रवाई में अग्रणी

## - एक साल में 12 मामले दर्ज किए

**नई दिल्ली ।** सॉफ्टबैंक के समर्थित ई-कॉमर्स मंच मीशो ने पिछले एक साल में दिखाए गए 2.2 करोड़ संदिग्ध लेनदेन के खिलाफ कार्रवाई की है। कंपनी ने 12 मामले दर्ज किए हैं, जिसमें से 13 लाख बॉट ऑर्डर रोके गए हैं और 77 लाख प्रयासों को रोका गया है ताकि गुनाहगार घोटाले न कर सकें। सोमवार को जारी ट्रस्ट एश्योरेंस रिपोर्ट में कहा गया है कि मीशो ने अग्रणी विश्लेषणात्मक मॉडल, परिष्कृत डेटा विज्ञान और उन्नत कम्प्यूटेशनल लॉजिक विकसित किए हैं। इससे कंपनी ने 2.2 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले लेनदेन को रोका है। रिपोर्ट में इस भी बात को जाहिर किया गया है कि मीशो ने आपराधिक तत्वों को हटाने के लिए कठोर कदम उठाए हैं और अकाउंट हैक करने वाली धोखाधड़ी के शिकार होने वाले 40 से अधिक प्राकरणों के खिलाफ नौ मामले दर्ज किए गए हैं। मीशो का कहना है कि उसने अक्टूबर 2023 से लॉटरी धोखाधड़ी की घटनाओं को 75 प्रतिशत कम किया है और इसके लिए कोलकाता, बेंगलुरु और रांची में व्यापक स्तर की जांच की गई है। समर्थन लेनेवाले ई-कॉमर्स मंच की उपयोगी पहल और कवच एक सकारात्मक उड़ान की तरह हैं, जिससे ट्रांसपैरेंसी बढ़ेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख दिखाने से सिद्ध होता है कि धोखेबाजों के खिलाफ कठोर कार्रवाई में इच्छाशक्ति और इरादा दोगुना होगा।





# अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड की मजबूती ने बढ़ाई भारत-चीन की चिंता

## - भारत से पूंजी निकासी का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बढ़ती बॉन्ड यील्ड ने आर्थिक मोर्चे पर भारत व चीन की चिंता बढ़ा दी है। इन दोनों कारकों के चलते विदशी निवेशक इमर्जिंग मार्केट्स खासकर भारत और चीन से पूंजी निकासी बढ़ा सकते हैं। बार्कलेज के फॉरेक्स और ईएम मैक्रो स्ट्रेटेजी एशिया के प्रमुख मितुल कोटेचा ने कहा कि अभी यह कहना मुश्किल है कि यह पूंजी अमेरिकी बाजारों की ओर जाएगी या नहीं। हालांकि, भारत में पहले ही विदेशी निवेशकों की एक बड़ी संख्या बाहर निकल चुकी है। भारत को लेकर मितुल कोटेचा ने कुछ चिंताओं का जिक्र किया है, जिनमें मुख्य रूप से आर्थिक वृद्धि में सुस्ती और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के रिटायर होने के बाद नए गवर्नर को लेकर अनिश्चितता शामिल हैं। इन कारणों से भारत से पूंजी निकासी का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा डॉलर की मजबूती भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रही है, जो विदेशी निवेशकों को प्रभावित कर सकती है। चीन के लिए मितुल ने कहा कि चीन द्वारा घोषित प्रोत्साहन पैकेज को लेकर उम्मीदें थीं, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह पैकेज बहुत सीमित था और इसके जरिए केवल छह ट्रिलियन युआन का कर्ज बदला गया। संपत्ति क्षेत्र को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए और उपभोक्ताओं के लिए भी नकद हस्तांतरण जैसी योजनाएं नहीं आईं। इससे चीन के बाजारों में अब तक अपेक्षित सुधार नहीं हो सका है।



### दुनिया भर से पूंजी खींच रहा अमेरिका

मितुल कोटेचा ने यह भी कहा कि अमेरिका अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था और नीति के चलते वैक्यूम क्लीनर की तरह काम कर रहा है, जो दुनिया भर से पूंजी अपनी ओर खींच रहा है। टैक्स में कटौती, ढील देने वाले नियम और अमेरिका का अलगाववादी रुख इन प्रवृत्तियों को और बढ़ा रहे हैं। उम्मीद है कि आगे भी पूंजी अमेरिका की ओर आकर्षित होगी। मजबूत डॉलर और बढ़ती अमेरिकी बॉन्ड यील्ड का प्रभाव सिर्फ भारत और चीन तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य उभरते बाजारों पर भी यह दबाव डाल सकता है। यूरोप भी मजबूत अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर की वजह से नुकसान उठाने की स्थिति में है। अब यह देखना है कि क्या भारत और चीन से निकला हुआ पैसा अमेरिकी बाजारों में जाएगा या नहीं, और इन बदलते हालातों में उभरते बाजारों को कितना नुकसान होगा। फिलहाल, अमेरिका की स्थिति मजबूत है।

# असम में लगेगा 27 हजार करोड़ का प्लांट, 48 मिलियन सेमीकंडक्टर चिप्स का होगा उत्पादन

## इस परियोजना से 15 हजार प्रत्यक्ष और 13 हजार अप्रत्यक्ष नौकरियां होंगी उत्पन्न

**नई दिल्ली।**

असम के मोरीगांव में टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएटी) द्वारा स्थापित होने जा रहे 27 हजार करोड़ रुपए के सेमीकंडक्टर प्लांट का विकास 2025 के मध्य तक पूरा हो जाएगा।

यह परियोजना भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में एक बड़ा बदलाव ला सकती है, खासकर जब इसे भारत की आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की दिशा में अहम कदम के रूप में देखा जाए।

मोरीगांव प्लांट में रोजाना 48 मिलियन सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन होगा। इसमें एडवांस पैकेजिंग तकनीक जैसे फ्लिप चिप और इंटीग्रेटेड सिस्टम इन पैकेज (आईएसआईपी) का इस्तेमाल किया जाएगा। इस परियोजना से 15 हजार प्रत्यक्ष और 11 हजार से 13 हजार अप्रत्यक्ष नौकरियां उत्पन्न होंगी, जिससे असम और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगी। इसके जरिए से भारत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन करेगा।

भारत सरकार ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत घरेलू सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों को लागू किया है। इस कार्यक्रम के तहत, 2021 में 76 हजार करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में काम किया जा रहा है। इसमें सेमीकंडक्टर फैब्स, डिस्प्ले फैब्स, सेंसर फैब्स, और डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव जैसी योजनाओं का भी समर्थन किया जा रहा है। भारत में बढ़ती सेमीकंडक्टर उत्पादन क्षमता, चिप डिजाइन, टेस्टिंग, और असेंबली के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, जो न केवल तकनीकी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेग बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

सरकार का उद्देश्य भारत को डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है।

# गोदरेज एग्रोवेट ने प्रोविवी के साथ की साझेदारी

## - जीएवीएल ने किसानों के लिए एक नया कीटनाशक समाधान पेश किया

**नई दिल्ली ।** कृषि व्यवसाय कंपनी गोदरेज एग्रोवेट (जीएवीएल) ने भारत के किसानों के लिए एक नया कीटनाशक समाधान पेश किया है, जो 'फेरोमोन' (रसायन) पर आधारित है। यह समाधान अमेरिका स्थित प्रोविवी कंपनी के साथ की गई रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। गोदरेज एग्रोवेट के प्रबंध निदेशक ने बताया कि कृषि में बदलती जलवायु परिस्थितियों के कारण कीटों की समस्या बढ़ गई है, इसलिए नवीन और टिकाऊ प्रौद्योगिकियों की जरुरत है। उन्होंने यह भी जाहिर किया कि जैवनिम्नीकरणीय कीटनाशक उत्पाद 2029 तक भारतीय किसानों के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। प्रोविवी कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने भी इस साझेदारी की महत्वता को स्वीकारा और इसे दुनिया के तेजी से बढ़ते कृषि बाजार में एक प्रभावी स्थान देने की उम्मीद जताई। उन्होंने बताया कि इस साझेदारी के वित्तीय विवरण अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। गोदरेज एग्रोवेट की इस कीटनाशक समाधान की उपलब्धता से भारतीय किसानों को कीटों से निपटने में मदद मिलेगी और उन्हें नवीन तकनीकी सहायता प्राप्त करने में सहायक होगा।



# मेहंदी से बाल हो गए हैं ड्राई तो आप भी ट्राई कर सकती हैं ये होममेड हेयर मास्क

**आमतौर पर लोग सफेद बालों को कलर करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। मेहंदी के इस्तेमाल से बालों को अच्छा कलर तो मिल जाता है और कुछ दिनों के लिए बालों के सफेद दिखने की समस्या भी कम हो जाती है। लेकिन कई बार मेहंदी लगाने के बाद बाल ड्राई होने लगते हैं और ड्राई बाल मुख्य रूप से हेयर फॉल का कारण भी बनते हैं। अक्सर मेहंदी अप्लाई करते समय हम कुछ गलतियां करते हैं जिसकी वजह से बाल ज्यादा ड्राई हो जाते हैं। जैसे मेहंदी से पहले बालों में तेल न लगाना और रूखे बालों में ही मेहंदी लगाना।**

जब हम रूखे बालों में ही मेहंदी का इस्तेमाल करने लगते हैं तो मेहंदी लगाने के बाद बाल और ज्यादा रूखे और बेजान हो जाते हैं। अगर आपके बाल भी मेहंदी के बाद ज्यादा ड्राई हो जाते हैं तो आप इनकी ड्राइनेस कम करने के लिए बालों में कुछ होममेड हेयर मास्क अप्लाई कर सकती हैं। ये हेयर मास्क वैसे तो पूरे तरह से प्राकृतिक हैं और इनका बालों में कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है लेकिन बालों में ये हेयर मास्क अप्लाई करने से पहले आप विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें क्योंकि सभी के बालों का प्रकार अलग होता है और किसी भी सामग्री का असर आपके बालों पर अलग तरीके से हो सकता है।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद इन बातों का रखें ध्यान

यदि आप बालों में मेहंदी अप्लाई करती हैं तो आपको सबसे ज्यादा ध्यान में रखने वाली बात ये है कि मेहंदी लगाने से पहले किसी भी ऑयल जैसे जैतून या नारियल के तेल का इस्तेमाल करें। मेहंदी बालों से हटाने के तुरंत बाद शैम्पू न करें बल्कि कम से कम 12 घंटे बाद ही बालों को शैम्पू करें। शैम्पू के बाद आप कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें, क्योंकि मेहंदी बालों को ड्राई कर सकती है।

## बालों में मेहंदी के बाद होममेड हेयर मास्क क्यों जरूरी है

यदि आप मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों में होममेड हेयर मास्क अप्लाई करती हैं तो ये 20 मिनट से भी कम समय में आपके बालों को ढेर सारे लाभ प्रदान करने में मदद करता है। हेयर मास्क आपके बालों को मुलायम और हाइड्रेटिंग बनाने के साथ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों में चमक जोड़ने और यहां तक कि बालों के झड़ने को कम करने में भी मदद करते हैं। आइए जानें मेहंदी का बालों में इस्तेमाल करने के बाद आप कौन से हेयर मास्क का इस्तेमाल अपने बालों में कर सकते हैं।



### ब्राउन शुगर और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क

ब्राउन शुगर बालों के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएंट है जो आपके स्कैल्प से उन मृत त्वचा कोशिकाओं और किसी भी बचे हुए अवशेष के निर्माण से छुटकारा पाने में मदद करता है। वहीं जैतून का तेल हमेशा सूखे बालों के इलाज के लिए प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में उपयोग किया जाता है। यह बालों को नमी प्रदान करके बालों की ड्राइनेस को कम करने में मदद करता है।

**आवश्यक सामग्री**

शुगर – 2 बड़े चम्मच
जैतून का तेल– 1 बड़ा चम्मच

**हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल का तरीका**

- एक बाउल में चीनी और तेल को एक साथ मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें।
- इस हेयर मास्क को अपने बालों में ऊपर से नीचे तक लगाएं।
- हेयर मास्क को अपने बालों पर 15–20 मिनट के लिए लगा रहने दें।
- बालों को शॉवर कैप से ढककर रखें।
- 15 –20 मिनट के बाद बालों को अच्छी तरह से शैम्पू करें और शैम्पू के बाद बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

### नारियल तेल का हेयर मास्क

नारियल तेल बालों की ड्राईनेस को कम करने में मदद करता है और मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों को भी शाइन प्रदान करने में मदद करता है।

**आवश्यक सामग्री**

शहद – 1 बड़ा चम्मच
नारियल तेल – 1 बड़ा चम्मच

**बनाने और इस्तेमाल का तरीका**

- एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच नारियल का तेल और 1 बड़ा चम्मच शहद डालकर आपस में अच्छी तरह से मिलाएं।
- मिश्रण को एक बर्तन में निकाल लें और इसे गर्म करें ताकि शहद और नारियल का तेल एक दूसरे में अच्छी तरह से मिक्स हो जाए।
- मिश्रण को वापस बाउल में डालें और ठंडा होने दें। फिर, अपने बालों पर ऊपर से नीचे तक मास्क लगाएं और अपने पूरे बालों पर पूरी तरह से अप्लाई करें। यदि आपकी जड़ें आमतौर पर काफी ऑयली हैं, तो केवल मध्य लंबाई से नीचे तक मास्क लगाएं।
- बची हुई नमी को बनाए रखने के लिए शॉवर कैप लगाएं।
- 20 मिनट के बाद अपने बालों को गर्म पानी से धो लें और हमेशा की तरह शैम्पू और कंडीशनर करें।
- अगर आपके बाल मेहंदी लगाने के बाद रूखे हो गए हैं तो आपको बालों की ज्यादा देखभाल करने की जरूरत है। इसके लिए यहां बताए हेयर मास्क अप्लाई करें। लेकिन इन मास्क का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।



# वेडिंग गिफ्ट जा रही हैं खरीदने तो इन जरूरी बातों को रखें खास ख्याल

शादियों का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में सिर्फ कपड़े–गहने ही नहीं बल्कि गिफ्ट की भी खरीदारी शुरू हो जाती हैं। खासकर अगर शादी घर के किसी सदस्य की हो तो इस बात को सोचना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है कि आखिर गिफ्ट में दूल्हा और दुल्हन को क्या दिया जाए? बता दें कि इंडियन वेडिंग में महंगे तोहफे देने का रिवाज काफी पुराना है, लेकिन अब समय काफी बदल गया है, ऐसे में बजट के साथ–साथ जरूरत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।
वहीं कुछ लोग वेडिंग गिफ्ट खरीदारी में समय अधिक चला जाता है। दरअसल, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोग गिफ्ट को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते हैं, ऐसे में हम पहले डिसाइड कर लें, तो पैसे और समय दोनों को बचाया जा सकता है। इसलिए वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी करते वक्त कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## वेडिंग गिफ्ट सेलेक्शन

वेडिंग गिफ्ट में क्या दें, यह सबसे बड़ा सवाल होता है। आप इसे बारे में दूल्हा या फिर दुल्हन से सवाल भी नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा दूसरों से पूछने पर वो अलग से आपको आइडिया दे सकते हैं। इस तरह कंफ्यूजन काफी बढ़ जाता है, इसलिए बेहतर है कि आप खुद तय करें कि शादी के बाद दूल्हा और दुल्हन को किन चीजों को जरूरत अधिक पड़ती है। उसे ध्यान में रखते हुए गिफ्ट की खरीदारी करें। इसके अलावा गिफ्ट इस उम्मीद से ना दें, आपको वापस मिल सकता है। गिफ्ट अच्छा और जरूरत को ध्यान में रखकर दें।

## कैश रजिस्टरी का ऑप्शन चुने

वेडिंग गिफ्ट के तौर पर कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, आज कल डेस्टिनेशन का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसे में साथ में गिफ्ट ले जाना काफी ओल्ड फैशन हो सकता है। आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। कैश रजिस्ट्री कराने से न्यूली मैरिड कपल अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार चीजें खरीद सकती हैं। वहीं कपल भी चाहें तो इस कैश को आने वाले समय के लिए सेव भी कर सकते हैं।

## खरीदारी से पहले बजट सेट करें

वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले बजट तय कर लें। दरअसल, कई बार मार्केट में खरीदने कुछ जाते हैं और खरीदकर कुछ लाते हैं। मार्केट में चीजें की तरह–तरह होती हैं, जिसे लेकर कंफ्यूजन काफी होता है। अगर आप बजट सेट करने से आप कंफ्यूज नहीं होंगे और उतनी ही कीमत में आप गिफ्ट खरीदकर लाएंगे। इस तरह आप फिजूलखर्ची से भी बच सकती हैं।

## ऑफलाइन और ऑनलाइन चेक करें

कई बार हम वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी आखिरी समय में करते हैं, ऐसे में आप चाहे तो ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, घर की शादी में काफी तैयारी करनी पड़ती है।



ऑफलाइन खरीदारी में काफी समय चला जाता है, ऐसे में आप समय को बचाना चाहती हैं तो ऑनलाइन खरीद सकती हैं। वहीं अगर आप ने तय कर लिया कि आपको दूल्हा और दुल्हन को गिफ्ट में क्या देने वाली हैं तो उसे ऑनलाइन पहले चेक कर लें। इसके बाद समय है तो ऑफलाइन खरीदारी कर सकती हैं।

## क्वालिटी जरूर करें चेक

अक्सर ऐसा देखा होगा कि लोग शादी के गिफ्ट के तौर पर एक नहीं कई चीजें देते हैं। हालांकि, जब बाद में उसे चेक करें तो कई चीजें खराब या फिर इस्तेमाल के योग्य नहीं होती। इससे छवि खराब होती है, इसलिए एक साथ कई सारी चीजें तोहफे में देने के बजाय एक ही चीज सेलेक्ट और उसे गिफ्ट करें। कोशिश करें कि खरीदारी करते वक्त वेडिंग गिफ्ट को अच्छी तरह चेक कर लें। उसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।



**शादियों का सीजन चल रहा है और जिनकी शादी होने वाली है, उन्होंने अभी से इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। शादी की तैयारियां केवल शॉपिंग पर खत्म नहीं होती हैं, बल्कि जल्द न्यूली वेड कपल बनने की तैयारी कर रहे जोड़े अपने रूम को सजाने और संवारने के बारे में भी बातें करते हैं।**

# ऐसा होना चाहिए न्यूली वेड कपल का बेडरूम

दुल्हन का आगमन हजारों खुशियां लेकर आता है। हिंदू धर्म में तो दुल्हन को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। ऐसे में देवी लक्ष्मी का गृह प्रवेश परिवार में सुख और समृद्धि लेकर आए, इसके लिए घर में जुड़ने वाली नई सदस्या का खुश रहना बहुत जरूरी है। किसी को भी सबसे ज्यादा सुकून उसके अपने कमरे में मिलता है, इसलिए न्यूली वेड कपल का कमरा सेट करते वक्त कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा कैसा होना चाहिए, इस परएस्ट्रोलॉजर एवं वास्तु एक्सपर्ट कहती हैं, 'न्यूली वेड कपल के कमरे की दिशा, रंग और उसमें रखे सामान का वास्तु के हिसाब से होना बहुत जरूरी है। इससे उनका रिश्ता बेहतर बनता है और परिवार के लिए भी सब कुछ शुभ होता है।'

## बेडरूम की दिशा

वास्तु एक साइंस है और 'वे ऑफ आर्किटेक्चर' है। इसमें दिशाओं का विशेष महत्व होता है।' इसलिए वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा साउथ–ईस्ट दिशा में होना चाहिए और घर की सबसे ऊपर वाली मंजिल में होना चाहिए। हालांकि, कई बार वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा सही दिशा में नहीं होता है। ऐसे में वास्तु दोष को दूर करने के लिए कमरे में बेड की सेटिंग इस तरह होनी चाहिए कि दुल्हन का सिर साउथ में और पैर नॉर्थ में हो। इस दौरान ध्यान रखें कि पैर एकदम दरवाजे के सामने नहीं होने चाहिए। अगर इस दिशा में सोने की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं तो ईस्ट की ओर सिर किया जा सकता है। लेकिन जब भी आपको कंसीव करना हो तो अपने सोने की जगह को बदल लें।

## बेड कैसा होना चाहिए

सोशल डेकोरेशन को भूल कर आपको लकड़ी का ही बेड अपने लिए चुनना चाहिए।' मेटल में कोल्ड एनर्जी होती होती है और वुड में वॉर्म एनर्जी होती है। न्यूली वेड कपल्स को वॉर्म एनर्जी की जरूरत होती है।' इसके साथ ही, इस बात का ध्यान रखें कि बेड में अगर बॉक्स भी है तो उसमें कोई भी कबाड़ न रखें और न ही कोई धारदार चीज रखें। यहां तक की बेड पर पड़ा गद्दा भी सिंगल होना चाहिए।

## कैसा होना चाहिए कमरे में शीशा

शीशा आपका प्रतिबिंब बनाता है। किसी भी चीज को डबल करना और एनर्जी को फैलाना शीशे की प्रॉपर्टी होती है। इसलिए शीशे का सही दिशा में होना जरूरी है। सोते वक्त शीशे में आप नजर न आएं इसके लिए हमेशा शीशा बेड के बगल में होना चाहिए।

## कमरे का डेकोरेशन कैसा होना चाहिए

कमरे के डेकोरेशन में सबसे ज्यादा लोग फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल करते हैं। न्यूली वेड कपल्स को भी अपने कमरे में हमेशा ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो उन्हें खुशी दें। भगवान की तस्वीर कभी न लगाएं, सोलो व्यक्ति की तस्वीर न लगाएं और जंगली जानवरों की तस्वीरें भी न लगाएं। कपल अपनी भी तस्वीर लगा सकते हैं।

## कमरे का रंग कैसा होना चाहिए

अपना फेवरेट कलर ही कमरे की दीवारों पर कराएं। हो सके तो कमरे में कहीं न कहीं लाल रंग का इस्तेमाल जरूर करें। क्योंकि यह रंग एनर्जी को बढ़ाता है और कपल के बीच के प्रेम संबंधों को मधुर बनाता है। ज्यादा लाल रंग न इस्तेमाल करें क्योंकि इससे कंसीव करने में दिक्कत आती है और लड़ाई झगड़े भी होते हैं।



# घर पर बनाएं मूंग दाल डोसा

**साउथ इंडियन खाने का अपना अलग ही मजा है। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ दक्षिण भारतीय व्यंजन हेल्दी भी हो सकते हैं, क्योंकि उनमें तेल की मात्रा कम से कम होती है। इडली, डोसा, सांभर, रसम, वड़ा, अप्पम, लेमन राइस जैसे अन्य कई व्यंजनों को देखकर आपके मुंह भी पानी आता होगा? दूसरी सबसे अच्छी बात यह है कि आप इनका आनंद सुबह नाश्ते, ब्रंच, लंच, स्नैक्स और डिनर में भी ले सकते हैं।**

आज हर शहर में आप साउथ इंडियन फूड का आनंद ले सकते हैं। इतना ही नहीं, घर पर भी इन्हें बनाया जा सकता है। अब बात करें डोसा की, तो आज हम आपके लिए डोसा की रेसिपी लेकर आए हैं, लेकिन यह आम डोसा नहीं, बल्कि मूंग दाल से बनने वाला डोसा है। इसे आप केवल दो मिनट में बना भी सकते हैं।

## बनाने का तरीका

- मूंग दाल का डोसा बनाने के लिए पहले जरूरी सामग्री को इकट्ठा कर लें। मूंग दाल को कुछ देर पहले भीगोकर रखें। उसके बाद एक मिक्सी में भीगी हुई मूंग दाल, थोड़ा–सा पानी, अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड कर लें।
- जब बैटर तैयार हो जाए तो उसे एक भगोने में निकाल कर रख लें। अब तैयार बैटर में स्वादानुसार नमक और दो चम्मच चावल का आटा डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब एक तवा गर्म करें और उस पर यह बैटर फैला लें। थोड़ी देर सेकने के बाद बैटर के ऊपर हल्का–सा तेल डालें और फिर आलू का मसाला डालने की बजाय उसमें बारीक कटा प्याज, टमाटर और धनिया डालें।
- इसे कुछ सेकंड सेकने के बाद डोसा फोल्ड करें और एक प्लेट पर निकाल लें। स्वादिष्ट टमाटर और नारियल की चटनी के साथ मूंग दाल के इस डोसे को सर्व करें।
- घर पर मूंग दाल का डोसा बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने में आपको केवल दो मिनट लगेंगे। आइए जानें इसकी आसान रेसिपी

## सामग्री

1 कप मूंग दाल
1 इंच अदरक
2 चम्मच चावल का आटा,
1 हरी मिर्च
आधा कप पानी,
स्वादानुसार नमक
1 बारीक कटा प्याज
1 बारीक कटा टमाटर
1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया

## विधि

- भीगी हुई मूंग दाल को एक मिक्सी में डालें और उसमें अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड करें।
- बैटर को एक भगोने में निकालें और उसमें चावल का आटा और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें।
- अब एक तवा गर्म करें और उसमें तैयार बैटर फैलाएं। ऊपर से हल्का–सा तेल डालें और कुछ देर सेक लें।
- अब इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर और धनिया डालें। डोसा को फोल्ड कर एक प्लेट में निकालें और चटनी के साथ सर्व करें।



# सिर्फ सेहत ही नहीं, घर चमकाने के काम भी आता है जैतून का तेल

जैतून तेल का इस्तेमाल सेहत और ब्यूटी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यह घर की सफाई में भी मददगार है। जी हां, जैतून के तेल से आप घर की साफ–सफाई भी कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि किस तरह जैतून के तेल का इस्तेमाल आपके घर की छोटी–छोटी प्रॉब्लम को दूर करता है।

## लकड़ी के फर्श को करें साफ

1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 1/2 चम्मच व्हाइट विनेगर को मिक्स करके उसे अपनी घर की फर्श को साफ करें। यह आपके फर्श को नए जैसा चमका देगा और इससे फर्श के दाग–धब्बे भी आसानी से साफ हो जाएंगे।

## पुराने फर्नीचर को रखें नए जैसा

लकड़ी के फर्नीचर की अलग सही तरीके से देखभाल न की जाए तो वह खराब होने लगते हैं। ऐसे में आप कपड़े पर हल्का–सा जैतून का तेल लगाकर लकड़ी के फर्नीचर को साफ करें। उसके बाद सूखे कपड़े के फर्नीचर साफ करें। इससे आपका पुरानी वुडन फर्नीचर भी नया लगेगा।

## बर्तनों को चमकाएं

रसोई में खाना बनाते हुए कई बार बर्तन जल जाते हैं। ऐसे में सबसे पहले उसपर व्हाइट विनेगर और बेकिंग सोडा डालकर बर्तन को साफ करें। फिर उसपर जैतून का तेल और नमक डालकर स्क्रब की मदद से साफ करें। इससे आपका बर्तन बिल्कुल साफ हो जाएगा।

## जूट फर्नीचर की सफाई

जूट के फर्नीचर में गंदगी आसानी से नहीं निकलती और उसकी शाइन खोने लगती है। वैक्यून क्लीनर से सफाई करने के बावजूद भी वह अच्छी तरह साफ नहीं होते। ऐसे में आप कपड़े पर जैतून का तेल लगाकर फर्नीचर की सफाई करें। इससे उसकी धूल–मिट्टी भी आसानी से निकल जाएगा और नया भी लगने लगेगा।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# बॉक्स ऑफिस नंबर से ज्यादा मेरे लिए फीडबैक मायने रखता है

अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे सितारों से सजी रोहित शेट्टी की मल्टी स्टारर फिल्म सिंघम 3 बॉक्स ऑफिस की बाजी हार चुकी है। भूल भुलैया 3 के साथ सिनेमाघरों में उतरी इस फिल्म को काफी नेगेटिव रिव्यू मिले। इसे लेकर हाल ही में रोहित शेट्टी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। फिल्म को मिली खराब समीक्षाओं और बॉक्स ऑफिस पर हुई कम कमाई को लेकर निर्देशक ने कहा कि उनके लिए यह मायने ही नहीं रखते। उनके लिए तो फीडबैक मायने रखता है।

सिंघम 3 की रिलीज से पहले नहीं सोए रोहित

रोहित शेट्टी को इंडस्ट्री में दो दशक से अधिक वक्त हो चुका है। मगर, अपनी किसी नई फिल्म की रिलीज पर उन्हें आज भी घबराहट महसूस होती है। इंडिया टुडे डिजिटल के साथ बातचीत में रोहित शेट्टी ने कहा कि अपनी हालिया रिलीज फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज से एक रात पहले भी उनकी हालत कुछ ऐसी ही हो गई। वे पूरी रात जागते रहे और चिंता में रहे। रोहित शेट्टी ने कहा कि वे शुरुआत से ही अपनी सभी फिल्मों की रिलीज से पहले इसी तरह घबराते रहे हैं। रोहित शेट्टी का कहना है कि भले ही लोगों को लगता है कि वह दर्शकों की नब्ज को समझते हैं, फिर भी वे पूरी ईमानदारी से काम करते हैं, जिससे दर्शकों के बीच कुछ शानदार पहुंच सके।

### जमीनी स्तर पर लोगों की राय रखती है मायने

रोहित शेट्टी ने कहा, मैं किसी फिल्म की रिलीज से पहले वाली रात सो नहीं पाता। चिंता में रहता हूं और यह चिंता रिलीज के दिन दोपहर तक रहती है। रोहित शेट्टी ने आगे बताया कि जब समीक्षाएं आती हैं या हमारी वितरण टीमों, थिएटर मालिकों से प्रतिक्रिया मिलती है, तब वे कैसा महसूस करते हैं? रोहित शेट्टी ने कहा कि वे हमेशा यह सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं कि जमीनी स्तर पर लोग कैसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। रोहित के मुताबिक, फिल्म समीक्षकों का दृष्टिकोण अलग-अलग होता है, लेकिन वह इस बात पर ध्यान देना पसंद करते हैं कि सिनेमाहॉल मालिक और वहां के दर्शक क्या कह रहे हैं?

### नेगेटिव रिव्यू का नहीं पड़ता असर?

निर्देशक का कहना है कि दर्शकों की प्रतिक्रिया उनके लिए फिल्म को मिले रिव्यू और बॉक्स ऑफिस पर जुटाए गए नंबरों से ज्यादा मायने रखती है। फिल्म सिंघम अगेन को काफी नेगेटिव रिव्यू भी मिले हैं। निर्देशक से जब पूछा गया कि इसका उन पर क्या असर पड़ा? उन्होंने कहा, फिल्म मेकिंग की 20 साल से अधिक की यात्रा रही है। शायद ही कभी मुझे अच्छी समीक्षा मिली हो। मेरे लिए, जो महत्वपूर्ण है वह यह है कि लोग मेरी फिल्में पसंद करते हैं, लेकिन मैं अगर मैं कहूं कि मुझे आलोचकों की परवाह नहीं है तो यह ठीक नहीं होगा। लेकिन, इतना जरूर है कि यह मेरे लिए अतिरिक्त सरीखा है। कमाई की बात करें तो रोहित शेट्टी की फिल्म ने अब तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 217.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।



# जब हुमा कुरैशी को डेविड धवन ने दी ये खास सलाह, अभिनेत्री आज भी इस पर करती हैं अमल

हुमा कुरैशी हिंदी फिल्मों की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। हालांकि, उन्हें अभी भी उनकी पहली फिल्म के लिए ही जाना जाता है। अभिनेत्री ने अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके कुछ ही दृश्य थे, लेकिन उनमें भी उन्होंने दर्शकों के ऊपर गहरी छाप छोड़ी थी। हाल में ही अभिनेत्री ने बताया कि अपनी पहली फिल्म की रिलीज के बाद वह मशहूर निर्देशक डेविड धवन से मिली थीं और उन्होंने अभिनेत्री को एक खास सलाह दी थी।

एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने बताया कि गैंग्स ऑफ वासेपुर की रिलीज के ठीक बाद वह मशहूर निर्देशक डेविड धवन से मिली थीं। उस पल को याद करते हुए हुमा ने बताया कैसे इतने बड़े निर्देशक होने के बाद भी वो खुद पहले अभिनेत्री के पास आए और एक खास सलाह दी। अभिनेत्री ने कहा, गैंग्स ऑफ वासेपुर के ठीक बाद मैं एक कॉफी शॉप में डेविड धवन से टकरा गई। मैं सोच रही थी, वाह, डेविड धवन! और तब तक वह मेरे पास आए। उन्हें ऐसा करने की जरूरत भी नहीं थी।

### डेविड धवन ने दी थी अभिनेत्री को न बदलने की सलाह

हुमा ने आगे बताया, उन्होंने कहा, बेटा, तुम बहुत अच्छे एक्टर हो। आपको बहुत लोग बोलेंगे वजन कम करलो, सर्जरी करलो, कुछ नहीं करना। अभिनेत्री ने बताया कि डेविड धवन ने इस बात पर जोर दिया कि दर्शकों ने उन्हें वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे वो हैं और अब उन्हें कुछ भी बदलने की जरूरत नहीं है। निर्देशक ने उन्हें सलाह दी थी कि वे बस दर्शकों का मनोरंजन करती रहें।

### डेविड धवन के शब्दों ने हुमा कुरैशी पर डाला गहरा प्रभाव

डेविड धवन के शब्दों ने अभिनेत्री के मन पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने इस इंटरव्यू के दौरान उसका उल्लेख करते हुए कहा कि वो उनकी सलाह को हमेशा याद रखना चाहती हैं। हुमा ने कहा, मैंने सोचा कि यह वास्तव में अच्छी सलाह है और यह सलाह इंडस्ट्री के वरिष्ठ लोगों से आती है, जब वे अचानक आपसे मिलते हैं और आपको यह सलाह देते हैं, तो आप इसे लिख लेते हैं कि यह भूलना नहीं है।

### जॉली एलएलबी 3 में आएंगी नजर

हुमा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि देश में कोई भी अपने दिखने से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग हमेशा इस पर विश्वास करते हैं कि दूसरी तरफ की घास ज्यादा हरी है। उन्होंने आगे कहा कि किसी को भी परफेक्ट दिखने के पीछे नहीं भागना चाहिए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें परफेक्ट दिखने में कोई दिलचस्पी नही है। उनके लिए परफेक्ट दिखने का मतलब होगा दुनिया का अंत। बात करें हुमा के वर्क फ्रंट की, तो वह अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और अरशद वारसी भी नजर आएंगे।



# ओजी के निर्देशक संग काम करने को लेकर वरुण तेज ने दी जानकारी

साउथ के लोकप्रिय अभिनेता वरुण तेज इन दिनों अपनी नवीनतम रिलीज फिल्म मटका को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं। ये फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है, जिसे लेकर अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित भी हैं। फिल्म कुख्यात मटका जुआ साम्राज्य की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो दर्शकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने की कोशिश करती है। इस बीच अभिनेता ने खुलासा करते हुए बताया कि वो साहो के निर्देशक सुजीत के साथ भी काम करने वाले थे।

### सुजीत संग काम करने पर बोले वरुण तेज

हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान वरुण तेज ने सुजीत ने इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें शुरू में साहो के निर्देशक सुजीत के साथ काम करने के लिए तैयार किया गया था, जो वर्तमान में पवन कल्याण की ओजी की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, यह प्रोजेक्ट योजना के अनुसार आगे नहीं बढ़ सका, लेकिन वरुण ने कहा कि सुजीत ने उन्हें कहानी सुनाई थी, और संभावना है कि वे भविष्य में इस प्रोजेक्ट पर फिर से विचार कर सकते हैं।

### फिल्म ओजी में व्यस्त हैं सुजीत

बात करें सुजीत के वर्क फ्रंट की, तो वह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ओजी को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। इस फिल्म में फैंस के बीच पावर स्टार के नाम से मशहूर लोकप्रिय अभिनेता पवन कल्याण मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी भी फिल्म में अहम भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म इस साल ही रिलीज होने वाली थी, लेकिन लगातार फिल्म में होती गई देरी की वजह से अब ये अगले साल यानी 2025 में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन करने के साथ-साथ सुजीत ने लेखन भी किया है।

# फुटबॉल प्लेयर को डेट करना चाहती हैं उर्वशी रौतेला?

उर्वशी रौतेला अक्सर डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में रहती है, जब एक इंटरव्यू के दौरान उर्वशी से पूछा गया कि वह आखिर किसे डेट करना चाहेंगी। तो उनके जवाब ने फिर से इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उर्वशी ने कहा कि वह फुटबॉल के दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के साथ लव ट्रायंगल में रहना चाहती हैं। रोनाल्डो और मेस्सी दोनों ही फुटबॉल की दुनिया के दो सबसे बड़े नाम हैं। अपने मजाकिया अंदाज में उर्वशी ने कहा कि वह फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ प्रेम त्रिकोण में रहना पसंद करेंगी। एक इंटरव्यू के दौरान जब उर्वशी से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किसके साथ प्रेम त्रिकोण में रहना चाहेंगी। लेकिन उर्वशी ने किसी बॉलीवुड अभिनेता का नहीं बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों का नाम लिया। उर्वशी ने कहा, मैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के साथ प्रेम लव ट्रायंगल में रहना पसंद करूंगी।

अपने काम पर फोकस करती हीं उर्वशी

उर्वशी रौतेला की बात करें तो उनका नाम अक्सर भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ जोड़ा जाता है। एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की और कहा, मेरे निजी जीवन के बारे में लगातार जांच और निराधार अफवाहों से निपटना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैं इस बात पर ध्यान केंद्रित करके इसे संभालती हूं कि मैं अपने काम और अपने व्यक्तिगत विकास को कैसे नियंत्रित कर सकती हूं।

### इन फिल्मों में नजर आएंगी उर्वशी

काम की बात करें तो, उर्वशी रौतेला अगली बार नंदमुरी बालकृष्ण के साथ एनबीके109 में नजर आएंगी। इसके अलावा अहमद खान द्वारा निर्देशित बाप, अक्षय कुमार अभिनीत वेलकम टू द जंगल और कसूर 2 शामिल हैं। वेलकम टू द जंगल में, वह अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कृष्णा अभिषेक, जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी।



# सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग पूरी, प्रियंका ने जताया टीम का आभार



प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर अक्सर पोस्ट करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग शुरू की है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद किया है। साथ ही तस्वीर भी साझा की है। इसमें उनकी बेटी मालती मेरी जोनस भी नजर आ रही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट ने कहा कि मेरे जॉब में लोगों के समर्थन के बिना कुछ भी संभव नहीं है। जिन लोगों के साथ हम काम करते हैं। जो भी हमारे प्रोजेक्ट के सपोर्ट करते हैं। पूरी टीम अनुभव को ब्रेक भी कर सकते हैं और बना भी सकते हैं।

### सिटाडेल टीम के लिए बोलीं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा ने कहा, हर प्रोजेक्ट में करीब सौ लोग रहते है। विशेष रूप से यह एक, जिसमें 400+ का विशाल क्रू है। यह सिटाडेल सीजन 2 की मेरी जादुई टीम है। अगर आप सभी ने मेरा साथ नहीं दिया होता तो ये सीजन पूरा नहीं है। चलिए इस सीजन की शूटिंग धमाकेदार तरीके से खत्म करते हैं।

### इन प्रोजेक्ट में नजर आएंगी प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा ने सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके साथ ही प्रियंका चोपड़ा इसके साथ ही कुछ अन्य प्रोजेक्ट में भी काम कर रही हैं। प्रियंका इस दौरान इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ हेड्स ऑफ स्टेट और द ब्लफ शामिल है।

## हॉलीवुड को लेकर बोलीं प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड और बॉलीवुड के बीच के अंतर पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में लोगों के पास बहुत सारे जुगाड़ होते हैं और काम करवाने का रवैया होता है। उन्होंने कहा, हम इसे लेकर थोड़े रोमांटिक हैं, जैसे अरे हो जाएगा, कर लेंगे, इसलिए यह काम करने का एक बहुत ही अलग तरीका है। मुझे लगता है कि हमारी रचनात्मकता कभी-कभी बहुत ही ऑर्गेनिक हो सकती है। यही सबसे बड़ा अंतर है जो मैंने देखा है। नहीं तो दुनिया भर में फिल्म निर्माण एक ही भाषा बोलता है।



# कैसा होगा बेबी जॉन में सलमान खान का कैमियो

## वरुण धवन ने उठाया राज से पर्दा

वरुण धवन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की कुछ झलकियां दर्शकों के सामने पहले ही आ चुकी हैं। इसके साथ वरुण भी फिल्म के प्रचार में जुटे हुए हैं। फिल्म को लेकर खबर है कि बेबी जॉन में बॉलीवुड के दबंग सलमान खान की भी विशेष भूमिका होगी। वे इसमें मजेदार कैमियो करते नजर आएंगे। अब वरुण ने इस बारे में कुछ दिलचस्प जानकारियां साझा की हैं।

फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे वरुण धवन ने सलमान खान के कैमियो की खबर की पुष्टि की और इसके बारे में कुछ जानकारी साझा की। दरअसल, वरुण धवन हाल ही में सिटाडेल- हनी बनी में सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आए। सीरीज में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें तारीफें मिल रही हैं। ऐसे में उन्होंने अब अपने एक्स अकाउंट पर आस्क मी एनीथिंग सत्र का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने प्रशंसकों के मजेदार सवालों के दिलचस्प जवाब भी दिए।

### सलमान के कैमियो पर वरुण का जवाब

उनके निजी जीवन और करियर के बारे में अन्य सवालों के अलावा कई प्रशंसकों ने बेबी जॉन में सलमान खान के कैमियो को लेकर भी सवाल किए। एक यूजर ने वरुण धवन से फिल्म में सलमान के कैमियो की लंबाई के बारे में पूछा, जिसके जवाब में बदलापुर अभिनेता ने लिखा, मिनट नहीं बोलूंगा, प्रभाव बहुत ज्यादा काफी महीनों का मिलेगा। अभिनेता का जवाब संतुष्ट करने वाला है, क्योंकि सिंघम अगेन में भी सलमान ने दबंग के चुलबुल पांडे के रूप में कैमियो किया, जिसकी जबर्दस्त चर्चा रही।

### फिल्म में मिलेगा बड़ा तोहफा

एक अन्य प्रशंसक ने पूछा कि बेबी जॉन में सलमान भाई के कैमियो के बारे में कुछ बताइए। इस सवाल के जवाब में अभिनेता ने बस फिल्म की रिलीज की तारीख, 25 दिसंबर, 2024 की जानकारी दी। इसके साथ ही एक प्रशंसक ने धवन से पूछा कि क्या एटली निर्मित फिल्म में कोई सरप्राइज पैकेज होगा, अभिनेता ने उनका उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि एक बड़ा पैकेज है, जिसके बाद वरुण के इस जवाब को लोगों ने सलमान खान के कैमियो से जोड़ दिया।

### फिल्म के कलाकार

बेबी जॉन में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे प्रतिभाशाली कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन ए. कालीस्वरन ने किया है और इसे जियो स्टूडियोज, एटली ने ए फॉर एप्पल स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर बनाया है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है।

# रामायण में हुई साउथ की इस मशहूर अभिनेत्री की एंट्री

नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण की चर्चा बहुत लंबे समय से चल रही है। फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का आधिकारिक पोस्टर जारी किया गया था, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह और भी अधिक बढ़ गया था। अब इस फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है। फिल्म में यश के अलावा एक और दक्षिण भारतीय कलाकार भी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री शोभना भी नजर आने वाली हैं। आगामी फिल्म में वह किस किरदार में दिखेंगी, फिलहाल इस बात की जानकारी अभी सामने नहीं आ सकी है। फिल्म से उनका नाम जुड़ने के बाद रामायण की स्टारकास्ट अब और भी अधिक प्रभावशाली दिखने लगी है। शोभना मलयालम सिनेमा में काम करने वाली अभिनेत्री हैं। वह हिंदी, कन्नड़, तमिल और अंग्रेजी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। मणिचित्राथजु और मित्र जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी की दर्शकों ने खूब तारीफ की थी। वह दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं। अभिनय के अलावा वह भरतनाट्यम नृत्य में भी पारंगत हैं।

